मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्ष: 7 अंक 193
बुधवार, 29 जनवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## पीएम मोदी ने 38वें राष्ट्रीय खेलों का किया उद्घाटन

### बोले- बड़े संकल्प लेकर आगे बढ रहा है हमारा देश

**उत्तराखंड, 28 जनवरी।** उत्तराखंड की धार्मिक विरासत और जैव विविधता का झलक पेश करते रंगारंग उद्घाटन समारोह के साथ 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इस प्रतियोगिता के तहत 32 खेलों में लगभग 10 हजार खिलाड़ी पदक जीतने के लिए चुनौती पेश करेंगे। खेल 14 फरवरी तक चलेंगे और देहरादून में मुख्य आयोजन स्थल सहित इस पहाड़ी राज्य के सात शहरों में स्पधाओं का आयोजन किया जाएगा। लगभग 450 स्वर्ण पदक और इतनी ही संख्या में रजत और कांस्य पदक दांव पर हैं।

अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देवभूमि आज युवा ऊर्जा से और दिव्य हो उठी है। बाबा केदार, बद्रीनाथ जी, मां गंगा के शुभाशीष के साथ आज नेशनल गेम्स शुरू हो रहे हैं। ये वर्ष उत्तराखंड के निर्माण का 25वां वर्ष है। इस युवा राज्य में देश के कोने-कोने से आए हजारों युवा अपना सामर्थ्य दिखाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की बहुत सुंदर तस्वीर यहां दिख रही है। नेशनल गेम्स में इस बार भी कई देशी और पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया है। इस बार के नेशनल गेम्स एक प्रकार से ग्रीन गेम्स भी है।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में खेलों का एक खूबसूरत गुलदस्ता तैयार हो रहा है जिसमें हर मौसम में फूल खिलते हैं, लगातार टूनामेंट होते हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई देश खेल में आगे बढता है तो देश की साख भी बढती है और प्रोफाइल भी बढता है। उन्होंने कहा कि हॉकी में पुराने गौरवशाली दिन वापिस लौट रहे हैं , हमारी खो-खो टीम ने विश्व कप जीता है, गुकेश ने विश्व शतरंज चैम्पियनशिप जीती जिससे दुनिया हैरान रह गई। उन्होंने कहा कि मैं इस राष्ट्रीय खेल के आयोजन के लिए सीएम धामी और उत्तराखंड के लोगों को बधाई देना चाहता हूं। हम अपने एथलीटों के लिए अवसर पैदा कर रहे हैं ताकि वे अपने कौशल में सुधार कर सकें। खेला इंडिया यूथ गेम्स के कारण युवा एथलीटों को अपनी प्रतिभा दिखाने के नए अवसर मिले हैं। मोदी ने कहा कि आज देश में कई टूनामेंट्स आयोजित किए जा रहे हैं। खेलो इंडिया सीरिज में कई सारे नए टूनामेंट्स जोड़े गए हैं। खेलो इंडिया यूथ गेम्स की वजह से यंग प्लेयर्स को आगे बढ़ने का मौका मिला है। यूनिवर्सिटी गेम्स, यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को नए अवसर दे रहे हैं। खेलो इंडिया पैरा गेम्स से पैरा एथलीट्स की परफॉर्मेंस नए-नए एचीवमेंट्स कर रही है। उन्होंने कहा कि जैसे हमारे खिलाड़ी बड़े लक्ष्य लेकर चलते हैं, हमारा देश भी बड़े संकल्प लेकर आगे बढ रहा है। मोदी ने कहा कि भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिये पूरी कोशिश कर रहा है और जब भारत में ओलंपिक होगा। तो वह भारतीय खेलों को नये आसमान पर ले जायेगा।

## राहुल गांधी ने अरविंद केजरीवाल पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, 28 जनवरी।** कांग्रेस दिल्ली चुनाव में अपनी ताकत लगा रही है। आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी पार्टी के लिए प्रचार किया। वेस्ट विनोद नगर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता राहुल गांधी ने कहा कि केजरीवाल के मन में जो आए वो बोल देते हैं, जब वो आए थे तो उनके पास एक छोटी सी कार थी और उन्होंने कहा था कि वो नई तरह की राजनीति करेंगे। उन्होंने कहा था कि वो दिल्ली को बदल देंगे लेकिन जब गरीबों को जरूरत थी तो वो वहां नहीं थे, जब दंगे हुए तो वो वहां नहीं थे। राहुल ने दावा किया कि केजरीवाल ने कहा था कि वो साफ-सुथरी राजनीति करेंगे, लेकिन दिल्ली में शराब का सबसे बड़ा घोटाला हुआ और आपने उनके घर की फोटो देखी होगी। केजरीवाल एक महल 'शीश



महल' में रहते हैं। तो ये है सच्चाई। भाजपा पर वार करते हुए राहुल ने कहा कि देश में विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ BJP-RSS के लोग हैं, जो देश में नफरत और हिंसा फैलाते है। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी और हमारी विचारधारा है। हम लोग 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान' खोलते हैं। हमें नफरत, डर और हिंसा वाला हिंदुस्तान नहीं चाहिए। हमें मोहब्बत की दुकान चाहिए। राहुल ने मीडिया पर तंज कसते हुए कहा कि वे महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण, टूटी सड़कों के बारे में नहीं दिखाते। वे नरेंद्र मोदी का चेहरा और अंबानी जी की शादी दिखाते हैं। इससे पहले राहुल गांधी ने नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार संदीप दीक्षित के समर्थन में मंगलवार को प्रचार किया और कई स्थानीय मतदाताओं से संवाद किया। उन्होंने पहले वाल्मीकि मंदिर में दर्शन किया और फिर गोल मार्केट इलाके में लोगों से बातचीत की।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, आज दिल्ली में महर्षि वाल्मीकि मंदिर जाकर दर्शन किया। दर्शन के बाद पास की बस्ती में एनडीएमसी कर्मचारियों से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि भाजपा की केंद्र सरकार और आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार की निजीकरण तथा अनुबंध आधारित नौकरियों की नीति के कारण हजारों लोग बेरोजगार हैं और हजारों लोगों को उचित वेतन नहीं मिल रहा है।

## फॉमूर्ला-ई रेस रद्द होने को लेकर तेलंगाना सीएम ए रेवंत रेड्डी के खिलाफ शिकायत

**तेलंगाना, 28 जनवरी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के खिलाफ विश्वासघात का आरोप लगाते हुए एक औपचारिक शिकायत दर्ज की गई। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता आरएस प्रवीण कुमार ने हैदराबाद में फॉमूर्ला ई रेस कार्यक्रम के अचानक रद्द होने के बाद आपराधिक विश्वासघात और राज्य के खजाने को पर्याप्त वित्तीय नुकसान का आरोप लगाते हुए नरसिंगी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, हैदराबाद को ई-मोबिलिटी और टिकाऊ नवाचार के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में तैनात किया गया था, जिसने फरवरी 2023 में अपनी पहली फॉमूर्ला ई रेस की



मेजबानी की थी। यह आयोजन, एक मल्टी-सीजन समझौते का हिस्सा था।

हालाँकि, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के प्रशासन के तहत, बाद के फॉमूर्ला ई कार्यक्रमों को कथित तौर पर विशेषज्ञों, कैबिनेट या राज्य विधानसभा से परामर्श किए बिना, एकतरफा रद्द कर दिया गया था। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि इस निर्णय से 55 करोड़ रुपये की वित्तीय हानि हुई। कुमार ने तर्क दिया कि यह कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध से उपजी है, जिसका उद्देश्य पिछले बीआरएस प्रशासन द्वारा शुरू की गई पहल को कमजोर करना है। उन्होंने उत्तर प्रदेश और गुजरात जैसे अन्य राज्यों के साथ विरोधाभास पर भी प्रकाश डाला, जो अपनी अर्थव्यवस्थाओं और वैश्विक स्थिति को बढ़ावा देने के लिए इसी तरह के अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भारी निवेश कर रहे थे।पूर्व आईपीएस अधिकारी ने कथित साजिश की विस्तृत जांच का अनुरोध किया और वित्तीय क्षति और सार्वजनिक विश्वास के उल्लंघन के लिए मुख्यमंत्री के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की मांग की।

## तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले भी अब संगम में डुबकी लगा रहे : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, 28 जनवरी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव का नाम लिए बिना तंज किया कि तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले लोग भी अब त्रिवेणी के महासंगम में डुबकी लगा रहे हैं। एक मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित महाकुंभ समागम में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि उन्हें खुशी है कि जो लोग पहले भारत की आस्था को सम्मान नहीं देते थे, वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण की नीति पर चलते थे, वे लोग भी अब प्रयागराज में त्रिवेणी के महासंगम में डुबकी लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा यह अच्छी बात है और प्रयागराज तो सबका है, आस्था सबकी



है। यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती हैऔर जानें

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार, 26 जनवरी को संगम में 11 बार आस्था की डुबकी लगाई थी। विपक्षी दलों के लोगों के कुंभ स्नान के बारे में पूछने पर मुख्यमंत्री ने कहा सनातन पहले भी था, आज भी है और इसी प्रभावी ढंग से यह यात्रा आगे बढ़ेगी। इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए। आदित्यनाथ ने अपने मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ कुंभ स्नान किया था। इसको लेकर विरोधियों के आरोपों पर उन्होंने कहा जाकी रही भावना, जैसी प्रभु मूरत देखि तिन तैसी।

मुख्यमंत्री ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा देश दुनिया के कोटि कोटि श्रद्धालुओं द्वारा किये जा रहे पावन स्नान और सनातन मेंउनकी आस्था ने उन लोगों को भी पवित्र डुबकी लगाने के लिए बाध्य कर दिया जिनकी इसमें आस्था ही नहीं थी। ऐसे लोगों को यह सोच कर अपने पुरोधाओं की प्रतिमा स्थापित करने के लिए मजबूर होना पड़ा कि इस स्थान का महत्व है और इसको नजरअंदाज नहीं करना है।

संगम में सपा कार्यकताओं ने पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा स्थापित की है। अखिलेश यादव ने संगम स्नान के बाद अपने पिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया था। मुख्यमंत्री यहां टाइम्स समूह के चैनल नवभारत द्वारा आयोजित महाकुंभ समागम में सवालों के जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा प्रयागराज में पिछले 15 दिनों में 16 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया।

मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी के संगम में अगले 30 दिनों तक आयोजन चलना है। मेरा अनुमान है कि संगम में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या दुनिया की तीसरी बड़ी आबादी होगी। इसमें केवल भारत की आस्था ही नहीं, संस्कृति के गौरव का दर्शन करने का अवसर भी प्राप्त होगा।

## प्रियंका गांधी ने किया वायनाड का दौरा, सीपीएम कार्यकताओं ने दिखाए काले झंडे

**वायनाड, 28 जनवरी।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी को केरल में उनके निर्वाचन क्षेत्र वायनाड के दौरे के दौरान सीपीएम कार्यकताओं ने काले झंडे दिखाए। उन्होंने क्षेत्र में चल रहे मानव-पशु संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए, एक घातक बाघ के हमले पर देरी से प्रतिक्रिया देने के लिए उनकी आलोचना की। स्थानीय लोग वन्यजीव संरक्षण अधिनियम में बदलाव की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने मंगलवार को केरल के वायनाड का दौरा किया और राधा के परिवार से मुलाकात की, जो हाल ही में कनियारम, मननथावाडी में बाघ के हमले में मारी गई थी। गांधी की यात्रा क्षेत्र में मानव-पशु संघर्ष पर बढ़ती चिंताओं के बीच हो रही है,



जिसमें हाथियों के हमले के तीन पीड़ितों सहित चार लोगों की जान चली गई है। अपनी यात्रा के बाद बोलते हुए, उन्होंने कहा कि आज सुबह मैंने राधा के परिवार से मुलाकात की। यहाँ मानव-पशु का यह मुद्दा बहुत गंभीर है। हमारी सार्थक चर्चा हुई और मैंने उन बिंदुओं को सामने रखा जो राधा के परिवार ने मेरे साथ साझा किए थे। मुझे उम्मीद है कि हम सब मिलकर काम कर सकते हैं।

## व्हाट्सएप से नोटिस नहीं भेज पाएगी पुलिस, सुप्रीम कोर्ट ने दिया निर्देश

**नई दिल्ली, 28 जनवरी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पुलिस आपराधिक प्रक्रिया संहिता या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के तहत व्हाट्सएप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से आरोपी व्यक्तियों को नोटिस नहीं दे सकती है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की पीठ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) को निर्देश दिया कि वे सीआरपीसी, 1973 की धारा 41ए या बीएनएसएस, 2023 की धारा 35 के तहत केवल सेवा के माध्यम से नोटिस जारी करने के लिए पुलिस को उचित निर्देश जारी करें।

पीठ ने कहा कि सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को



अपने संबंधित पुलिस तंत्र को सीआरपीसी, 1973 की धारा 41-ए/बीएनएसएस, 2023 की धारा 35 के तहत केवल सीआरपीसी, 1973/ बीएनएसएस के तहत निर्धारित सेवा के माध्यम से नोटिस जारी करने के लिए एक स्थायी आदेश जारी करना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह बिल्कुल स्पष्ट कर दिया गया है कि व्हाट्सएप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से नोटिस की सेवा को सीआरपीसी, 1973/ बीएनएसएस, 2023 के तहत मान्यता प्राप्त और निर्धारित सेवा के तरीके के विकल्प या स्थानापन्न के रूप में नहीं माना जा सकता है।

यह निर्देश तब आया जब अदालत ने मामले में नियुक्त न्याय मित्र वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा के सुझाव को स्वीकार कर लिया। लूथरा ने ऐसे उदाहरणों को चिह्नित किया जहां सीआरपीसी, 1973 की धारा 41-ए के तहत व्हाट्सएप के माध्यम से नोटिस भेजा गया था, लेकिन आरोपी जांच अधिकारी के सामने पेश नहीं हुए।




## जब तक किसानों की मांगें मानी नहीं जातीं, तब तक अनिश्चितकालीन अनशन जारी रहेगा : जगजीत सिंह डल्लेवाल

**चंडीगढ़, 28 जनवरी ।** पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि जब तक केंद्र सरकार फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित किसानों की मांगों को स्वीकार नहीं कर लेती तब तक वह अपना आमरण अनशन जारी रखेंगे। डल्लेवाल ने खनौरी धरना स्थल पर मीडिया से कहा कि पूरे देश को एमएसपी की जरूरत है। उन्होंने विस्तार से बताए बिना कहा, पंजाब को भी अपने भूमिगत जल स्तर को बचाने के लिए एमएसपी की जरूरत है। केंद्र सरकार के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने 18 जनवरी को आंदोलनकारी किसानों को



उनकी मांगों पर चर्चा करने के लिए चंडीगढ़ में 14 फरवरी को बैठक के लिए आमंत्रित किया था जिसके बाद से डल्लेवाल ने चिकित्सकीय सहायता लेनी शुरू कर दी लेकिन उन्होंने अपना अनशन समाप्त नहीं किया। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के संयोजक डल्लेवाल फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर पिछले साल 26 नवंबर से खनौरी सीमा पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे हैं।

किसान नेता ने आंदोलन को समर्थन देने के लिए किसानों और श्रमिकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि किसान मंचों - संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा - ने केंद्र के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल से 14 फरवरी को बैठक के लिए निमंत्रण मिलने के बाद उनसे चिकित्सकीय सहायता लेने का अनुरोध किया था जिसके बाद उन्होंने यह सहायता लेना स्वीकार किया।

उन्होंने कहा, मैंने केवल चिकित्सकीय सहायता ली। (उसके बाद) उल्टियां आनी बंद हो गई हैं।

मेरा आमरण अनशन जारी है और यह तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार हमारी मांगें पूरी नहीं कर देती। डल्लेवाल ने 14 फरवरी की बैठक में भाग लेने के बारे में कहा कि हर कोई चाहता है कि वह बैठक में शामिल हों। उन्होंने कहा, लेकिन स्वास्थ्य इसकी अनुमति नहीं दे रहा। मेरे पास जाने की ताकत नहीं है। डल्लेवाल ने किसानों से 12 फरवरी को खनौरी धरना स्थल पर एकत्र होने की अपील की। उन्होंने कहा, अगर सभी लोग आएंगे तो मुझे और ताकत मिलेगी। ईश्वर ने चाहा तो मैं (14 फरवरी को) बैठक में जाकर अपनी बात रख सकूंगा। इसलिए मैं आपसे आग्रह करता हूं कि 12 फरवरी को बड़ी संख्या में यहां एकत्र हों क्योंकि आपको देखकर मुझे ऊर्जा मिलती है।



# अब बनने लगा है गांधी के सपनों का भारत



-ललित गर्ग

## गांधी निर्वाण दिवस -30 जनवरी 2025 पर विशेष

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस जब हम नये भारत-सशक्त भारत को विकसित होते हुए देखते है तो प्रतीत होता है कि यह गांधी के ही सपनों का भारत बन रहा है। कांग्रेस की पूर्व सरकारों ने गांधी की केवल मूर्तियां स्थापित की, लेकिन भाजपा सरकार अपनी नीतियों में गांधी दर्शन को लागू कर रही है। गांधी के अहिंसा दर्शन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल देश में बल्कि दुनिया में स्थापित कर रहे हैं। गांधी की अहिंसा ने भारत को गौरवान्वित किया है, भारत ही नहीं, दुनियाभर में अब उनकी जयन्ती को बड़े पैमाने पर अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। महात्मा गांधी महानायक के रूप में ही नहीं, देवनायक के रूप में लोकतंत्र के मजबूत आधार एवं संकटमोचक है। संसद से लेकर सड़क तक, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और व्यक्ति से लेकर विचार बनने तक जीवन के हर नीति में, हर दृष्टिकोण में, हर मोड़ पर गांधी की व्याप्ति है। भारत का स्वतंत्रता संग्राम हो या फिर नये भारत की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिस्थितियां हमारी हर सोच में, हर क्रियाएं में, हर नीति में गांधी का होना यह दर्शा रहा है कि आज गांधी पूर्व सरकारों की तुलना में ज्यादा जीवंत बने हैं।

महात्मा गांधी के विचार एवं दर्शन पर ही मोदी सरकार की योजनाएं एवं नीतियां आगे बढ़ रही है। इस बात का खुलासा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करते हुए कहा है कि उनके सबका साथ, सबका विकास के विचार की प्रेरणा 1980 के दशक की है। मोदी ने अपने हाथ से लिखे एक नोट्स में इस विचार के बारे में काफी पहले ही लिख दिया था। मोदी द्वारा लिखे गए नोट्स से पता चलता है कि महात्मा गांधी के आदर्शों ने उनके जीवन पर गहरा प्रभाव छोड़ा है, जो केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में भी स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। जिसमें युवा मोदी ने महात्मा गांधी के विचारों उद्धरत करके लिखा था, मैं सबसे बड़ी संख्या की सबसे बड़ी भलाई के सिद्धांत में विश्वास नहीं करता। यह 51 प्रतिशत की अच्छाई के लिए 49 प्रतिशत की भलाई का त्याग करना है। यह सिद्धांत एक क्रूर सिद्धांत है। इसके माध्यम से मानवता को काफी नुकसान हुआ है। मानवता के लिए एक मात्र सिद्धांत है कि सभी के लिए भलाई के काम में विश्वास करना ह्न मोदी सरकार सभी की भलाई के लिये काम करते हुए गांधी दर्शन को ही आगे बढ़ा रही है।

मोदी का स्वच्छता मिशन गांधी की स्वच्छता सोच को ही आगे बढ़ाने का उपक्रम है। राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) भी गांधी के नाम पर चल रही योजना है। भारतीय मुद्रा से लेकर शासन-प्रशासन के हर कार्यस्थल पर गांधी है। हम गांधी के संवाद और सहिष्णुता के सिद्धांतों को अपनाते हुए युद्ध, आतंकवाद और हिंसा को निस्तेज बना रहे हैं। दलित-आदिवासियों को न्याय और सम्मानपूर्ण जीवन प्रदत्त कर रहे हैं तो भारतीय संस्कृति एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान में जुटे हैं। भारत माता, गौ माता और गंगा माता के सांस्कृतिक एवं धार्मिक चिन्तन को आगे बढ़ाते हुए गांधी की मूल अवधारणा को ही आगे बढ़ते हुए देख रहे हैं। आज गांव, गरीब और स्वराज में गांधी की ही सोच आगे बढ़ रही है कि आज भारत में लोकतंत्र की चाल, चेहरा और चरित्र बदला जा रहा है तथा आस्थाओं की राजनीति का बल देते हुए जाति-धर्म का उन्माद नियंत्रित किया जा रहा है। महात्मा गांधी, आंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय आज इसलिए भारत निर्माण की नई व्याख्याओं में सबसे आगे हैं। वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वधर्म सद्भाव का विचार आज सर्वाधिक बलशाली बन कर दुनिया के लिये आदर्श बन गया है।

मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुई, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक्-आचरण का अभाव अखरता है। गांधीजी ने इन स्थितियों को गहराई से समझा और अहिंसा को अपने जीवन का मूल सूत्र बनाया। यदि अहिंसा, शांति और समता की व्यापक प्रतिष्ठा नहीं होगी तो भौतिक सुख-साधनों का विस्तार होने पर भी मानव शांति की नींद नहीं सो सकेगा। महात्मा गांधी के सच्चे उत्तराधिकारी के रूप में नरेन्द्र मोदी हमारे सामने हैं, उनके प्रभावी एवं चमत्कारी नेतृत्व में हम अब वास्तविक आजादी का स्वाद चखने लगे हैं, आतंकवाद, जातिवाद, क्षेत्रीयवाद, अलगाववाद की कालिमा धुल गयी है, धर्म, भाषा, वर्ग, वर्ण और दलीय स्वार्थों के राजनीतिक विवादों पर भी नियंत्रण हो रहा है। इन नवनिर्माण के पदचिन्हों को स्थापित करते हुए हम गांधी को जीवंत बनाये हुए है, यही कारण है कि कभी हम स्कूलों में शोचालय की बात सुनते है तो कभी गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वयं झाडू लेकर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए मोदी को देखते हैं। मोदी कभी विदेश की धरती पर हिन्दी में भाषण देकर राष्ट्रभाषा को गौरवान्वित करते है तो कभी ह्नमेक इन इंडियाह्न का शंखनाद कर देश को न केवल शक्तिशाली बल्कि आत्म-निर्भर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं। नई खोजों, दक्षता, कौशल विकास, बौद्धिक संपदा की रक्षा, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन, श्रेष्ठ का निर्माण-ये और ऐसे अनेकों गांधी के सपनों को आकार देकर सचमुच लोकतंत्र एवं राष्ट्रीयता को सुदीर्घ काल के बाद सार्थक अर्थ दिये जा रहे है।

हम देशवासियों के लिये अपूर्व प्रसन्नता की बात है कि गांधी की प्रासंगिकता चमत्कारिक ढंग से बढ़ रही है। देश एवं दुनिया उन्हें नए सिरे से खोज रही है। उनको खोजने का अर्थ है अपनी समस्याओं के समाधान खोजना, युद्ध, हिंसा एवं आतंकवाद की बढ़ती समस्या का समाधान खोजना। शायद इसीलिये कई विश्वविद्यालयों में उनके विचारों को पढ़ाया जा रहा है, उन पर शोध हो रहे हैं। आज भी भारत के लोग गांधी के पदचिह्नों पर चलते हुए अहिंसा, शांति, सह-जीवन, स्वदेशी का समर्थन करते हैं। गांधीजी आज संसार के सबसे लोकप्रिय भारतीय बन गये हैं, जिन्हें कोई हैरत से देख रहा है तो कोई कौतुक से। इन स्थितियों के बावजूद उनका विरोध भी जारी है। उनके व्यक्तित्व के कई अनजान और अंधेरे पहलुओं को उजागर करते हुए उन्हें पतित साबित करने के भी लगातार प्रयास होते रहे हैं, लेकिन वे हर बार ज्यादा निखर कर सामने आए हैं, उनके सिद्धान्तों की चमक और भी बढ़ी है। वैसे यह लम्बे शोध का विषय है कि आज जब हिंसा और शस्त्र की ताकत बढ़ रही है, बड़ी शक्तियां हिंसा को तीक्ष्ण बनाने पर तुली हुई हैं, उस समय अहिंसा की ताकत को भी स्वीकारा जा रहा है। यह बात भी थोड़ी अजीब सी लगती है कि पूंजी केन्द्रित विकास के इस तूफान में एक ऐसा शख्स हमें क्यों महत्वपूर्ण लगता है जो आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की वकालत करता रहा, जो छोटी पूंजी या लघु उत्पादन प्रणाली की बात करता रहा। सवाल यह भी उठता है कि मनुष्यता के पतन की बड़ी-बड़ी दास्तानों के बीच आदमी के हृदय परिवर्तन के प्रति विश्वास का क्या मतलब है? जब हथियार ही व्यवस्थाओं के नियामक बन गये हो तब अहिंसा की आवाज कितना असर डाल पाएगी? एक वैकल्पिक व्यवस्था और जीवन की तलाश में सक्रिय लोगों को गांधीवाद से ज्यादा मदद मिल रही है।

आज जबकि समूची दुनिया में संघर्ष की स्थितियां बनी हुई हैं, हर कोई विकास की दौड़ में स्वयं को शामिल करने के लिये लड़ने की मुद्रा में है, कहीं सम्प्रदाय के नाम पर तो कहीं जातीयता के नाम पर, कहीं अधिकारों के नाम पर तो कहीं भाषा के नाम पर संघर्ष हो रहे हैं, ऐसे जटिल दौर में भी संघर्षरत लोगों के लिये गांधी का सत्याग्रह ही सबसे माकूल हथियार नजर आ रहा है। पर्यावरणवादी हों या अपने विस्थापन के विरुद्ध लड़ रहे लोग, सबको गांधीजी से ही रोशनी मिल रही है। गांधी की अहिंसा से सहयोग, सहकार, सहकारिता, समता और समन्वय जैसे उत्तम व उपयोगी मानवीय मूल्य जीवन्त हो रहे हैं। समस्त समस्याओं का समाधान भी एक ही है, वह है-अहिंसा। अहिंसा व्यक्ति में ह्नवसुधैव कुटुम्बकम्ह्न की विराट भावना का संचार करती है। मनुष्य जाति युद्ध, हिंसा और आतंकवाद के भयंकर दुष्परिणाम भोग चुकी है, भोग रही है और किसी भी तरह के खतरे का भय हमेशा बना हुआ है। मनुष्य, मनुष्यता और दुनिया को बचाने के लिए गांधी से बढ़कर कोई उपाय-आश्रय नहीं हो सकता।

# महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मेहनत से विश्व आर्थिक मंच पर महाराष्ट्र अव्वल



अशोक भाटिया

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में महायुति की महाजीत के बाद भाजपा ने के नए बड़े पोस्टर ब्वॉय बनकर उभरे सीएम देवेंद्र फडणवीस का दावोस में जलवा सामने आया है। सीएम फडणवीस की अगुवाई में महाराष्ट्र में इतिहास रचते हुए वर्ल्ड इकॉनॉमिक फोरम 2025 की मीटिंग में राज्य के लिए कुल 54 एमओयू साइन करते हुए 15.70 लाख करोड़ रुपये की निवेश के दरवाजे खोले हैं। इन भारी भरकम रकम के निवेश से महाराष्ट्र में 15.95 लाख रोजगार का सृजन होगा। यह ऐसे वक्त पर हुआ है जब स्विटजरलैंड में फडणवीस का डंका बजा है तो वहीं दूसरी दिल्ली चुनावों में भी फडणवीस की डिमांड सामने आई है।

ज्ञात हो कि दावोस में वार्षिक वित्त सम्मेलन में, महाराष्ट्र ने रिकॉर्ड प्रदर्शन किया। महाराष्ट्र को देश में सबसे अधिक निवेश आकर्षित करने की उम्मीद और महाराष्ट्र द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों की संख्या भी सबसे अधिक । इस वर्ष, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, आंध्र के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और कई राज्य मंत्री दावोस में थे। लेकिन पार्टी फैंस के बीच भी बातचीत हुई। महाराष्ट्र ने टूनामेंट जीत लिया है।

हमने 15,70,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में चार गुना है। यह छलांग बहुत बड़ी है। जैसे ही यह खबर सामने आने लगी, दो आपत्तियां सामने आईं: पहला, दावोस को भारतीय कंपनियों के साथ अनुबंध क्यों किया जाना चाहिए? यह यहां भी किया जा सकता था, और दूसरा, क्या इतने समझौते हुए होंगे जो महाराष्ट्र में बेरोजगारी की समस्या को हल करेंगे और राज्य के विकास में क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करेंगे? दावोस में भारतीय कंपनियों के साथ गठजोड़ करने के दोनों ओर कारण हैं, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में, दावोस इस तरह की वार्षिक आर्थिक गतिविधि के लिए दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है।

गौरतलब है कि विश्व आर्थिक मंच सम्मेलन दावोस, स्विट्जरलैंड में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें उद्योग, मीडिया, ऊर्जा क्षेत्र और अन्य क्षेत्रों सहित दुनिया भर के राजनेताओं, अर्थशास्त्रियों के साथ-साथ गणमान्य व्यक्ति, विद्वान और विचारक शामिल होते हैं। सम्मेलन में कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है। इस आर्थिक सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य दुनिया के प्रमुख मुद्दों और उत्पन्न होने वाले संकटों और चुनौतियों के प्रति संवेदनशीलता पैदा करना है, साथ ही सामूहिक सहमति कैसे बनाई जाए। आम तौर पर, पिछले तीन दशकों से आर्थिक वैश्वीकरण की प्रक्रिया को तेज किया गया है। नतीजतन, कोई भी स्थानीय मुद्दा तुरंत वैश्विक हो रहा है। ऐसे सम्मेलनों का एक अलग महत्व है क्योंकि ऐसे मुद्दों के वैश्विक समाधान आवश्यक हो गए हैं।

बेशक इन सम्मेलनों में आमंत्रित लोगों का उद्योग जगत में बहुत सम्मान किया जाता है और कई देशों के वाणिज्य मंत्री, वित्त मंत्री और कई देशों के राज्यों के मंत्री सम्मेलन में शामिल होते हैं, जिसमें कई देशों ने अपने देश को उद्योग और निवेश के अनुकूल बनाया है। इसे प्रस्तुत कर विदेशी निवेश को आकर्षित करने का प्रयास किया जाता है। विश्व आर्थिक मंच सम्मेलन का आयोजन उसी तरह किया जाता है जिस तरह से संयुक्त राष्ट्र महासभा का वार्षिक सत्र सितंबर के महीने में आयोजित किया जाता है और सम्मेलन में दुनिया भर के 194 देशों के राष्ट्राध्यक्ष और प्रतिनिधि भाग लेते हैं। मुख्यमंत्री की यात्रा महाराष्ट्र के आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रही । विश्व आर्थिक मंच एक अनौपचारिक मंच है, आमतौर पर 1500 से 2000 तक। इस सम्मेलन में लोग शामिल होते हैं। हाल के वर्षों में, दावोस सम्मेलन के बारे में दुनिया भर में मुख्य रूप से ऑक्सफैम इंटरनेशनल द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के कारण चर्चा की गई है। ऑक्सफैम दुनिया भर के आर्थिक मुद्दों से जुड़े मुद्दों पर अपनी रिपोर्ट शोध और प्रकाशित करता है। इसी साल अपनी रिपोर्ट में ऑक्सफैम ने आधिकारिक तौर पर जानकारी प्रकाशित की थी कि औपनिवेशिक काल में ब्रिटेन ने किस तरह भारत पर अपना साम्राज्य स्थापित कर खरबों डॉलर लूटे.

इकोनॉमिक फोरम के वार्षिक सम्मलेन का एक मुख्य लाभ यह भी है कि इसमें आर्थिक और व्यापारिक सहयोग बढ़ाने और विदेशी निवेश बढ़ाने के तरीके पर दुनिया भर के नेताओं, उद्यमियों और व्यापारिक नेताओं के बीच महत्वपूर्ण चचाएं होती हैं। इसलिए यह सम्मेलन भारत के साथ-साथ महाराष्ट्र के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। वर्तमान में, हम सभी एक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्रिय हैं। विकासशील भारत को विकसित भारत बनाने के लिए अगले 25 वर्षों के लिए एक व्यापक योजना तैयार की गई है। वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 3 ट्रिलियन डॉलर है। इसे 5 ट्रिलियन डॉलर तक कैसे बढ़ाया जाए और फिर इसे 10 ट्रिलियन डॉलर तक कैसे बढ़ाया जाए, जिससे वर्तमान में प्रत्येक भारतीय की प्रति व्यक्ति आय 1800 डॉलर तक बढ़ जाए। यह पता लगाने के प्रयास चल रहे हैं कि एक हजार डॉलर कैसे प्राप्त करें। जिस तरह राष्ट्रीय स्तर पर विकसित भारत का लक्ष्य रखा गया है, उसी तरह महाराष्ट्र ने भी 'विकसित महाराष्ट्र' बनने का संकल्प लिया है। इसके मुताबिक जब भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा तो महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था 1 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी।

'विकसित महाराष्ट्र' का लक्ष्य तीन महत्वपूर्ण बातों पर केंद्रित है: पहला संसाधनों का विकास, दूसरा है प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लाना और तीसरा राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के माध्यम से कौशल आधारित नई पीढ़ी तैयार करना। इन तीन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए 'विकसित महाराष्ट्र' ने एक अलग योजना तैयार की है और इस वर्ष मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की दावोस यात्रा इसी दिशा में एक कदम है। देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में, लगभग 5 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं । इन निवेशों से रक्षा, हरित ऊर्जा, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, सीमेंट, इस्पात और विभिन्न धातु उद्योगों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में राज्य के विकास में तेजी आएगी।

'विकसित महाराष्ट्र' के लिए, हमें बहुत अधिक विदेशी निवेश की आवश्यकता होगी क्योंकि रेलवे के विकास, सड़कों के निर्माण, बंदरगाहों के विकास, बड़े पैमाने के हवाई अड्डों के निर्माण जैसे संसाधनों के विकास के लिए पूंजी की आवश्यकता होगी। दूसरे,ब्रांड इंडिया की तरह 'ब्रांड महाराष्ट्र' भी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी विदेश यात्राओं के दौरान भारत में हो रहे बदलावों के बारे में जानकारी देते हुए वहां के निवेशकों और उद्यमियों से भारत में निवेश करने और उद्योग लगाने की अपील की। इसी तरह महाराष्ट्र में प्रचंड बहुमत वाली सरकार, सामाजिक स्थिरता, बुनियादी ढांचा आदि के रूप में देवेंद्र फडणवीस ने दावोस के मंच से महाराष्ट्र में सामाजिक स्थिरता, बुनियादी ढांचा आदि में भाग लिया। इन उद्योगों के लिए संचार के साधन अच्छी तरह से उपलब्ध हैं, इसलिए वे कह रहे हैं कि महाराष्ट्र बहुराष्ट्रीय कंपनियों और विदेशी निवेशकों के लिए एक अच्छा निवेश गंतव्य है। इसके माध्यम से 'ब्रांड महाराष्ट्र' को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाया जा रहा है। मुख्यमंत्री फडणवीस उसी तरह का काम कर रहे हैं जैसे प्रधानमंत्री मोदी ने 'ब्रांड इंडिया' का अंतर्राष्ट्रीयकरण किया था।

यह मुख्य रूप से कुछ विशिष्ट उद्योगों पर केंद्रित है और ऑटोमोबाइल उद्योग प्रमुख क्षेत्रों में से एक है। यूरोपीय देशों के पास उपलब्ध ऑटोमोबाइल उद्योग की नवीनतम तकनीक को महाराष्ट्र में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी तरह, दुनिया भर के उद्यमियों को सेमीकंडक्टर सेक्टर में महाराष्ट्र में निवेश करने और यहां परियोजनाएं स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है। भारत ने 2029 तक सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का लक्ष्य रखा है। भारत ने न केवल आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया है, बल्कि अर्धचालकों का निर्यातक भी बनने का संकल्प लिया है। ताइवान, जापान, दक्षिण कोरिया, अमेरिका में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों को महाराष्ट्र लाने के प्रयास किए जा रहे हैं । रसायन जैसे क्षेत्रों में भी विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए योजनाबद्ध कदम उठाए जा रहे हैं। विकसित महाराष्ट्र और विकसित भारत एक दूसरे के पूरक हैं।

अतीत में, दावोस जैसे वैश्विक सम्मेलनों में केवल केंद्र सरकार और उसके प्रतिनिधि शामिल होते थे। राज्य सरकार के प्रतिनिधियों को नहीं भेजा जाता था, लेकिन मोदी सरकार ने इस प्रवृत्ति को बदल दिया। पिछले 10 वर्षों में, विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए राज्यों और राज्यों के बीच प्रतिस्पर्धा रही है। यह देवेंद्र फडणवीस की दावोस की चौथी यात्रा है। इन सम्मेलनों में उद्योगों की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन तैयार किए जाते हैं और फिर अनुमोदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद, वास्तविक उद्योग स्थापित किया जाता है। इन सम्मेलनों की उपस्थिति महाराष्ट्र के आर्थिक विकास के लिए, व्यापार की वृद्धि के लिए, औद्योगिक विकास के लिए, संसाधनों के विकास के लिए और सबसे महत्वपूर्ण इन सभी के माध्यम से बड़े पैमाने पर राज्य में नौकरियों के सृजन के लिए महत्वपूर्ण है।

अनुमान है कि अगर सभी वादे किए गए प्रोजेक्ट ठीक रहे तो इस साल 16 लाख नई नौकरियां पैदा होंगी, जो बेरोजगारी की चुनौती को देखते हुए भले ही बड़ी संख्या न लगे, लेकिन वास्तविक रोजगार का तीन गुना सृजन हो। लाभ महत्वपूर्ण हैं। इस बार गढ़चिरौली जिले में रिकॉर्ड निवेश आएगा। यह एक आशाजनक बात है। यह सभी के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है। जैसा कि उद्योग मंत्री उदय सामंत ने कहा, अगर निवेश 'चांदी से चांदी तक' आता है, तो क्षेत्रीय असंतुलन थोड़ा कम हो जाएगा. अगर महाराष्ट्र इस निवेश को लाभदायक बनाना चाहता है, तो उसे सड़कों, रेलवे, पानी की सुविधाओं और कानून व्यवस्था पर पूरा ध्यान देना होगा। ठेकेदारों और स्थानीय राजनीति को औद्योगिक ठेकेदारों और स्थानीय राजनीति के जाल को हल करना होगा। वर्तमान में, जब भी घरेलू या विदेशी उद्योग महाराष्ट्र में आते हैं, तो उन्हें कई प्रकार की संगठित दादागिरी और गुंडागर्दी का सामना करना पड़ता है। यह होगा। तभी दुनिया के उद्योग महाराष्ट्र में आत्मविश्वास महसूस करेंगे और दावोस में इस रिकॉर्ड सफलता के वास्तविक अर्थ होंगे साथ ही इसके माध्यम से महाराष्ट्र को एक मॉडल विकसित करना होगा क्योंकि महाराष्ट्र कई वर्षों से राष्ट्रपति या मार्गदर्शक राज्य रहा है। इसलिए, विदेशी निवेश, महाराष्ट्र में विदेशी उद्योगों को आकर्षित कर राज्य का विकास कैसे किया जाता है, इसका मॉडल अन्य राज्यों के लिए भी मार्गदर्शक होगा।

# ग्रामीण भारत की कहानी बदल रही है स्वामित्व योजना



-डॉ सत्यवान सौरभ

स्वामित्व की आवश्यकता भारत में ग्रामीण भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्त का दशकों से अभाव रहा है। कई राज्यों में गांवों के आबादी क्षेत्रों के नक़्शे और दस्तावेजीकरण का अभाव रहा है। आधिकारिक रिकॉर्ड की अनुपस्थिति के कारण, इन क्षेत्रों में संपत्ति के मालिक अपने घरों को अपग्रेड करने या अपनी संपत्ति को ऋण और अन्य वित्तीय सहायता के लिए वित्तीय संपत्ति के रूप में उपयोग करने में असमर्थ थे, जिससे उनके लिए संस्थागत ऋण प्राप्त करना मुश्किल हो गया। इस तरह के दस्तावेजीकरण की कमी ने 70 से अधिक वर्षों तक ग्रामीण भारत के आर्थिक विकास में बाधा डाली। यह स्पष्ट हो गया कि आर्थिक सशक्तीकरण के लिए कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त संपत्ति रिकॉर्ड के महत्त्व के आलोक में एक समकालीन समाधान की आवश्यकता थी। गाँव के आबादी क्षेत्रों के सर्वेक्षण और मानचित्रण के लिए अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक का उपयोग करने के लिए, स्वामित्व योजना विकसित की गई थी। पीएम स्वामित्व ने जल्द ही खुद को इस दिशा में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ साबित कर दिया।

पंचायती राज मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की पहल को स्वामित्व (ग्रामीण क्षेत्रों में सुधारित प्रौद्योगिकी के साथ गांवों का सर्वेक्षण और मानचित्रण) कहा जाता है। इसे नौ राज्यों में कार्यक्रम के पायलट चरण (2020-2021) के सफल समापन के बाद 24 अप्रैल, 2021 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर देश भर में पेश किया गया था। यह कार्यक्रम भूमि के टुकड़ों का मानचित्रण करने और गाँव के घरेलू मालिकों को ₹अधिकारों का रिकॉर्ड₹ प्रदान करने के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग करता है। कानूनी स्वामित्व कार्ड, जिन्हें संपत्ति कार्ड या शीर्षक विलेख के रूप में भी जाना जाता है, तब संपत्ति के मालिकों को जारी किए जाते हैं, जो ग्रामीण आबादी वाले (आबादी) क्षेत्रों में संपत्ति के स्पष्ट स्वामित्व की स्थापना की दिशा में एक सुधारात्मक कदम है।

सर्वे ऑफ इंडिया और सम्बंधित राज्य सरकारों के बीच एक समझौता ज्ञापन स्वामित्व योजना को लागू करने के लिए रूपरेखा द्वारा प्रदान की गई बहु-चरणीय संपत्ति कार्ड निर्माण प्रक्रिया में पहला कदम है। सभी पैमानों पर राष्ट्रीय स्थलाकृतिक डेटाबेस तैयार करने के लिए, विभिन्न पैमानों पर स्थलाकृतिक मानचित्रण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है, जैसे उपग्रह इमेजरी, मानव रहित हवाई वाहन या ड्रोन प्लेटफॉर्म और हवाई फोटोग्राफी ड्रोन। समझौता ज्ञापन के पूरा होने के बाद, एक सतत संचालन संदर्भ प्रणाली स्थापित की जाती है। एक आभासी बेस स्टेशन जो लंबी दूरी की, अत्यधिक सटीक नेटवर्क आरटीके (रियल-टाइम किनेमेटिक) सुधार प्रदान करता है, संदर्भ स्टेशनों के इस नेटवर्क द्वारा प्रदान किया जाता है। अगला चरण यह निर्धारित करना है कि किन गांवों का सर्वेक्षण किया जाएगा और जनता को संपत्ति मानचित्रण प्रक्रिया के बारे में सूचित करना है। प्रत्येक ग्रामीण संपत्ति को चूना पत्थर (चुन्ना) से चिह्नित किया जाता है, जो गाँव के आबादी क्षेत्र (आबाद क्षेत्र) को चित्रित करता है यह जांच / आपत्ति प्रक्रिया का समापन है, जिसे संघर्ष / विवाद समाधान के रूप में भी जाना जाता है। फिर सम्पत्ति पत्रक या अंतिम संपत्ति कार्ड / शीर्षक विलेख तैयार किए जाते हैं। आप इन कार्डों को खरीद सकते हैं।

इस कार्यक्रम के लाभों में एक समावेशी समाज शामिल है। गांवों में कमजोर आबादी की सामाजिक-आर्थिक स्थिति संपत्ति के अधिकारों तक उनकी पहुँच के साथ सकारात्मक रूप से सहसम्बद्ध है। स्वामित्व योजना इसे संभव बनाने का प्रयास करती है। आबादी की स्पष्ट रूप से परिभाषित सीमा की कमी के कारण भूमि-संघर्ष के मामलों की संख्या बहुत अधिक है। स्थानीय स्तर पर संघर्षों के अंतर्निहित कारणों को सम्बोधित करना स्वामित्व योजना का लक्ष्य है।

> **स्वामित्व (ग्रामीण क्षेत्रों में सुधारित प्रौद्योगिकी के साथ गांवों का सर्वेक्षण और मानचित्रण) पहल से भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव आ रहा है। इस पहल के तहत सरकार द्वारा सटीक संपत्ति स्वामित्व डेटा और स्पष्ट स्वामित्व रिकॉर्ड के प्रावधान से भूमि विवादों में कमी आ रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से भारत के ग्रामीण सशक्तीकरण और शासन के इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ आया है। इसके अलावा, यह कार्यक्रम परिसंपत्तियों की बिक्री की सुविधा प्रदान करता है, बैंक ऋण के माध्यम से संस्थागत ऋण को संभव बनाता है, संपत्ति से सम्बंधित विवादों को कम करता है, ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति कराधान और संपत्ति मूल्यांकन में सुधार करता है और पूरी तरह से गांव-स्तरीय योजना बनाने की अनुमति देता है।**

बेहतर ग्राम पंचायत विकास योजनाएँ जो उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले डिजिटल मानचित्रों का उपयोग करती हैं, सड़कों, स्कूलों, सामुदायिक स्वास्थ्य सुविधाओं, नदियों, स्ट्रीटलाइट्स और अन्य बुनियादी ढाँचे में सुधार लाती हैं। अधिक सुलभ संसाधनों और प्रभावी वित्तीय प्रबंधन के माध्यम से। लोगों को अपनी संपत्ति को संपार्श्विक के रूप में मुद्रीकृत करने में मदद करना मुख्य लक्ष्य है। इसके अतिरिक्त, जिन राज्यों में संपत्ति कर लगाया जाता है, वहाँ इसे सरल बनाने से निवेश को बढ़ावा मिलता है और व्यापार करना आसान हो जाता है, जिससे भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलता है।

भूमि स्वामित्व से जुड़े लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों को विकास और सशक्तिकरण के अवसरों में बदलकर, स्वामित्व योजना ग्रामीण भारत की कहानी बदल रही है। यह योजना, जिसमें डिजिटल संपत्ति कार्ड और परिष्कृत ड्रोन सर्वेक्षण शामिल हैं, केवल सीमाओं और नक्शों के बजाय संभावनाओं और सपनों के बारे में है। स्वामित्व सिर्फ. एक सरकारी कार्यक्रम से कहीं ज्यादा बन गया है क्योंकि गाँव इस बदलाव का स्वागत करते हैं; यह बढ़ी हुई आजादी, ज्यादा चतुराईपूर्ण योजना और ज्यादा एकजुट, शक्तिशाली ग्रामीण भारत के पीछे एक प्रेरक शक्ति है। स्वामित्व योजना के परिणामस्वरूप ग्रामीण भारत बदल रहा है। भूमि स्वामित्व से जुड़ी लंबे समय से चली आ रही कठिनाइयाँ विकास और आत्मनिर्णय के अवसरों में बदल रही हैं। बाधाओं को दूर करने, विवादों को निपटाने और संपत्ति को आर्थिक उन्नति के लिए एक शक्तिशाली साधन में बदलने के लिए नवाचार और समावेशिता को जोड़ा जा रहा है। डिजिटल संपत्ति कार्ड और परिष्कृत ड्रोन सर्वेक्षण इस बात के दो उदाहरण हैं कि कैसे योजना सरल सीमाओं और मानचित्रों से आगे जाती है। यह अवसरों और आकांक्षाओं से भरपूर है। गाँव इस बदलाव को अपना रहे हैं और स्वामित्व महज सरकारी कार्यक्रम से आगे बढ़ रहा है। आत्मनिर्भरता, बेहतर योजना और अधिक एकजुट ग्रामीण भारत सभी इसके द्वारा गति प्राप्त कर रहे हैं।

# अनेकता में एकता का प्रतीक महाकुंभ

इस साल दुनिया का सबसे बड़ा मानवीय समागम का महाकुंभ पर्वोत्सव उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा, यमुना और अदृश्य त्रिवेणी के संगम पर 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा अनेकता में एकता का जीता-जागता प्रतीक पर्व है कुंभ मेला। लोक-पर्व होकर यह मेला सहस्त्र वर्षों से जन-विश्वास का आधार बना रहा है। सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना से जुड़ा यह महाकुंभ पर्व, भारतीय सामाजिक-सांस्कृतिक अवधारणाओं का जीवन प्रतीक है। कुंभ पर्व, देश के समवेत सांस्कृतिक जीवन का व्यावहारिक उदाहरण है। इन्हीं पर्वों-मेलों ने हमारी भारतीयता (राष्ट्रीयता) को प्राणवान बनाए रखा है।

हजारों वर्षों से चली आ रही कुंभ पर्व की इस सांस्कृतिक विरासत को हमारे देश के मनीषी चिन्तकों, पुराणकारों ऋषि-मुनियों, दार्शनिकों, धर्माधिकारियों अथवा साधु-सन्तों ने लोकांचलों में निवास करने वाले पठित-अपठित साधारण जनों तक पहुंचाया है। इस पर्व भावना के पीछे जीवंत आस्था और निष्ठा भाव ही कार्यशील रहा है। भारत भूमि का यह खंड यदि पवित्र और महत्वपूर्ण है तो इसलिए कि वह बाकी विश्व से जोड़ता है, इसलिए नहीं कि वह उसे दूसरों से अलग करके भूगोल की राष्ट्रीय सीमाओं में बांध देता है। विश्वासों की इन मयार्दाओं के परिवेश में ही एक मानव समूह की जीवन धारा, उसकी लय और लौ रूपायित होती है। यह उसकी सांस्कृतिक चेतना का मुख्य प्रेरणा स्रोत भी है। यह भावना भारत को या भारतीय सभ्यता को आधुनिक दुनिया के राष्ट्रों और राज्य-तंत्रों से अलग कर देती है। इसलिए हमारी संस्कृति सभ्यता को गुलामी के कालखंड से नष्ट करने की तमाम कोशिशों के बावजूद हम ज्यूं के त्यूं खड़े हुए हैं। कुंभ या महाकुंभ जैसे पर्वोत्सव मेलों से भी हमें यह शक्ति प्राप्त होती रही है। इस प्रकार शरीर



रूपी घट में निहित अमृत तत्व की अनुभूति का विषय हो तो कुंभ-पर्व के रूप में अमृत पद प्राप्ति के लिए युग-युगों से भारतीय जन जीवन को आस्थाशील बनाए हुए है। कुंभ रूप इस लोक पर्व में भी मृत्यंमार्मूतं गमय की कामना, मरणशील मानव के मन को उद्वेलित एवं प्रेरित करती रही है। वही प्रेरणा, अनादि स्रोत सलिला सरिताओं के तट की ओर, भारतीय मन को सदा से आकर्षित करती रही है। निष्कर्ष रूप में कहें तो कह सकते हैं कि इन कुंभ पर्वों ने भौगोलिक ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक एकता बनाए रखकर राष्ट्रीय जीवन संदर्भों के प्रति जातीय अस्मिता को जागृत करने में अहम भूमिका निभाई है। जब कोई महाकुंभ पड़ता है तब जन भावना, उमंगित हृदय और संकल्पित मस्तिष्क को लेकर कुंभ स्थलों की ओर उमड़ पड़ती है। हर आयु वर्ग एवं जाति-वर्ग के लोग, प्रदेशों की सीमाओं को लांघते हुए गरीब-अमीर के दायरों को तोड़ते हुए अनेक भाषा-बोलियों में शब्द-साधना करते हुए परम अमृत की कामना से अपने स्व (सीमित) को पर(परम) में समर्पित करने के लिए संकल्पशील दिखाई देते हैं। सागर-सरिताओं के तट पर ऐसे आस्थाशील श्रद्धालुओं के गतिशील चरण, भारत भूमि के कण-कण को, रागात्मक संबंधों से जोड़ते हुए महाराग का वस्त्र बुनते रहे हैं। सरिताओं के तट पर विशाल जन समाज को देखकर ऐसा लगता है मानो नए भाव-विधान वाले ऐसे आस्थाशील लोगों का एक नया नगर ही बस गया हो। यह जन-आस्था निर्जन प्रदेश को भी जनाकूल बना देती है। सालों साल प्रयाग के त्रिवेणी के तट पर कुंभ या अर्द्धकुंभ के बाद इस बार महाकुंभ का पावन अवसर आया है। जहां सैंकड़ों झोंपडि?ां, लाखों ध्वजा पताकाएं दिखाई देती हैं। यहां नाना वेशधारी साधु-सन्तों के संगठनों की अथवा नाना योगियों की जमातें अपनी परम्पराओं को निभाने के लिए अपनी आन-बान-शान के साथ अपना नाम अस्तित्व प्रद?शत कर रही हैं। पवित्र कुंभ का रंग ही ऐसा होता है, जो हर तरह के पर्यटकों को अपनी ओर सहज ही आकर्षित करता है। जो लोग भारत दर्शन के लिए आना चाहते हैं, उन्हें पूरे भारत की विविधता एक जगह सिमटी हुई मिल जाती है और जो लोग आध्यात्मिक टूरिज्म पर आना चाहते हैं, उनके लिए तो इससे भव्य आयोजन कोई हो ही नहीं सकता।

चीनी यात्री ह्यू एन सांग(सन 629-45ई$) ने अपने यात्रा विवरणों में सम्राट हर्षवर्धन द्वारा प्रयाग के कुंभ-अर्द्धकुंभ पर्वों पर सर्वस्व दान करने का उल्लेख किया है। इसी प्रकार हरिद्वार में सम्पन्न होने वाले कुंभोत्सवों का भी अपना विशेष महत्व रहा है। अकबर बादशाह ने ऐसे ही अवसरों पर तीर्थ यात्रियों पर लगने वाला जजिया सन 1564 ई. में उठा लिया था किन्तु औरंगजेब ने हरिद्वार में पड़ने वाले कुंभ से पहले ही सन 1678-79 में जजिया फिर से लगा दिया था। इस बार के महाकुंभ को योगी आदित्यनाथ ने दिव्य भव्यता के साथ डिजिटल भी बना दिया है। आज सामाजिक-सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों के अवमूल्यन के माहौल में जातीय अस्मिता एवं राष्ट्रीय एकता के खतरों को ध्यान में रखते हुए ऐसे सांस्कृतिक उत्सवों के समायोजन की बड़ी आवश्यकता अनुभव की जाती है। -निरंकार सिंह

# नशे के तीन सौदागर गिरफ्तार, तीस किलो गांजा बरामद

चेतन निर्मल

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** परिमंडल तीन पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर डीसीपी स्कॉट के नशा विरोधी पथक और डोंबिवली पुलिस की संयुक्त टीम ने 27 और 28 जनवरी को छापेमारी की। इस दौरान 22 किलो 889 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 4 लाख 47 हजार 80 रुपये है। गिरफ्तार आरोपियों में दो मध्य प्रदेश निवासी सचिन ललिता मोरे (21) और संजय राजाराम लुहार (24) शामिल हैं, जबकि तीसरा आरोपी ठाणे ग्रामीण क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक,



आरोपियों का यह गिरोह गांजे की तस्करी कर इसे स्थानीय बाजारों में सप्लाई करने की योजना बना रहा था। कल्याण परिमंडल 3 के पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे और डोंबिवली पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक की अगुवाई में हुई इस कार्रवाई से एक बड़े नशा गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आरोपियों ने यह गांजा कहां से मंगवाया और किन लोगों को इसकी सप्लाई होनी थी। माना जा रहा है कि यह गिरोह अंतरराज्यीय तस्करी में संलिप्त है और इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## डाकरूम - द लेटर राइटिंग कार्निवल' का सफल आयोजन

**मुंबई।** आज के डिजिटल कम्युनिकेशन के दौर में हाथ से लिखे हुए पत्रों के स्पर्श और उन्हें पढ़कर मिलने वाली खुशी को फिर से जिवंत करने के लिए आयोजित किया गया था - 'डाकरूम - द लेटर राइटिंग कार्निवल'। डाकरूम के सहयोग से जेके पेपर द्वारा प्रस्तुत वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, मुंबई में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में न केवल पुरानी यादों को ताजा किया गया, बल्कि रचनात्मकता और अभिव्यक्ति के एक स्थायी और सार्थक माध्यम के रूप में कागज का उत्सव मनाया गया। जेके पेपर क्राफ्ट जोन कार्निवल का मुख्य आकर्षण था। 4,000 से लोगों ने इसमें हिस्सा लिया। रंगगंधा 4डी पेंटिंग वर्कशॉप और ओरिगामी से लेकर मास्क मेकिंग और हर पत्ता एक सपना तक, सभी उम्र के उपस्थित लोगों ने इंटरैक्टिव गतिविधियों का आनंद उठाया। कागज के बहुमुखी गुण और प्राचीन काल से लेकर आज तक के इसके आकर्षण को यहां प्रदर्शित किया गया। भारी संख्या में इसमें भाग लेकर लोगों ने दिखा दिया कि आज की तेज-तर्रार डिजिटल दुनिया में भी लोग कागज के साथ भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। कॉपियर पेपर की सबसे बड़ी कंपनी जेके पेपर ने कार्निवल में अपनी पूरी रेंज प्रदर्शित की। एक अग्रणी कंपनी होने के नाते, इस कंपनी ने अपने कुछ नए पेपर इनोवेशन भी प्रदर्शित किए: जेके कॉपियर प्लस एंटी-माइक्रोबियल, भारत का पहला एंटीमाइक्रोबियल कॉपियर पेपर, और जेके पैक फ्रेश, पीएफएएस-मुक्त तेल और ग्रीस प्रतिरोधी पेपर सेट जो फॉयल रैप्स की जगह इस्तेमाल किया जा सकता है।

## युवा सर्व सनातन चैरिटेबल ट्रस्ट ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर मनाया 76वां गणतंत्र दिवस



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** युवा सर्व सनातन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 26 जनवरी 2025 को पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत यादव नगर स्थित पटवा निवास पर विभिन्न देश भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन बड़े धूमधाम के साथ हर्षोल्लास पूर्वक 76 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। सर्व प्रथम युवा सर्व सनातन चैरिटेबल ट्रस्ट की बाल गोपाल सेना में शामिल सैकड़ों बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। इस दौरान प्रभात फेरी में शामिल सभी बच्चे भारत माता की जय, वंदे मातरम् के नारे लगाते दिखाई दिए। प्रभात फेरी के समापन के पश्चात युवा सर्व सनातन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित सांस्कृतिक और देश भक्ति कार्यक्रमों की शुरूआत दीप प्रज्वलन करके की गई। इस सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रम में छोटे छोटे बाल गोपालों व स्कूली छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी कलाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। युवा सर्व सनातन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजन कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर तुलसीराम केवट, सुमन दुबे, बलदेव सिंह, मनीष कुमार, ओमप्रकाश सिंह, सुरेंद्र यादव, रामू महतो, मोहन यादव, मनीष यादव, कमलेश गुप्ता, सोना सेठ, सूरज प्रजापति, अरविंद त्रिपाठी, अखिलेश यादव, संस्था के सचिन पाटील, पप्पू यादव, प्रमोद, राम सेठ, अरुण चव्हाण, पत्रकार अजीत सिंह, मृत्युंजय पाण्डेय सहित अनेक मान्यवर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए बच्चों का हौसला अफजाई किया। वहीं ट्रस्ट की ओर से सभी उपस्थित मन्यवारों के गले में भारत मां का पट्टा डाल कर स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में युवा सर्व सनातन चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक व अध्यक्ष धर्मात्मा जयकुमार पटवा ने आयोजन में शामिल सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 'द वन एंड ओनली'—एक प्रतिष्ठित और फैशनेबल दुनिया का प्रवेश द्वार

**मुंबई।** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने अब तक के अपने सबसे प्रतिष्ठित संस्करण का अनावरण किया है, जिससे 'द वन एंड ओनली' दुनिया की रचना होती है, जहां फैशन केवल एक शुरूआत है। टूर का 2025 संस्करण एक अत्याधुनिक अवतार प्रस्तुत करेगा, जो असाधारणता की सीमाओं को पार करेगा और वैश्विक फैशन, संगीत और मनोरंजन के शानदार प्रदर्शन लेकर आएगा, जो पूर्ण विस्मय से भर देंगे। फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ एक बार फिर जुड़ते हुए, फैशन टूर अपनी ग्लैमरस और भव्य पहचान का जश्न मनाएगा। इसमें भारत के सबसे चर्चित फैशन विशेषज्ञों के साथ-साथ देश के सबसे आकर्षक स्टाइल आइकन्स भी शामिल होंगे, जो निश्चित रूप से पूरे देश का ध्यान आकर्षित करेंगे। हर शहर में, यह टूर अलग-अलग कहानियां रचेगा, जो इसकी प्रतिष्ठित दुनिया की अनूठी व्याख्याओं को प्रदर्शित करेगी। गुरुग्राम में, यह भारत के सच्चे फैशन आइकन रोहित बल के भव्य उत्सव के साथ शुरू होगा, जहां उनके कलात्मक प्रतिभा को फिर से जीवंत किया जाएगा। इस मौके पर फैशन, बॉलीवुड, मीडिया और बिजनेस जगत के 70 से अधिक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व शामिल होंगे, जो वर्षों से उनके करीबी रहे हैं। मुंबई में, यह टूर देश की ग्लैमर राजधानी की प्रतिष्ठित पृष्ठभूमि में, तरुण तहिलियानी के साथ एक प्रभावशाली फैशन शो पेश करेगा, जो समकालीन भारतीय फैशन की पारंपरिक सीमाओं को तोड़ते हुए इसे विश्व स्तर पर नए सिरे से परिभाषित करेगा। चंडीगढ़, गुवाहाटी और विशाखापत्तनम जैसे प्रमुख शहरों में अपने आकर्षक संसार को लेकर, यह टूर प्रत्येक गंतव्य को एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बना देगा, जो फैशन के भविष्य के लिए सर्वोत्तम मानक स्थापित करेगा। चंडीगढ़ में, कणिका गोयल और जैकलीन फर्नांडीज एक इलेक्ट्रिफाइंग कांसेप्ट पेश करेंगी, जिसमें स्ट्रीट-स्टाइल आर्ट और हाई फैशन का मेल होगा।

## शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त-वर्ष 25 की पहली तिमाही और 9 महीने में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा

**मुंबई/पटना।** शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड (रढक्छ) ने आज 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही और 9 महीनों के लिए के लिए अपने वित्तीय परिणाम घोषित किए। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के अध्यक्ष, श्री दिनेश पाटीदार ने कंपनी के मौजूदा प्रदर्शन के बारे में अपनी राय जाहिर करते हुए कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारी कंपनी ने ग्रेट प्लेस टू वर्क का बेहद गौरवपूर्ण प्रमाणन प्राप्त किया है, जिससे जाहिर होता है कि हमारी टीम बेहद मजबूत और सच्ची लगन से काम करने के लिए प्रेरित है, जिसने कंपनी को लगातार विकास की राह पर आगे बढ़ाने में योगदान दिया है। ऑर्डरों को समय पर पूरा करने और संचालन क्षमता को बेहतर बनाने की वजह से ही कंपनी का वित्तीय प्रदर्शन शानदार रहा है, जिसके चलते मार्जिन में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। कंपनी को ऑर्डर मिलने में भी बढ़ोतरी का सिलसिला लगातार जारी रहा, जिसकी वजह से 31 दिसंबर, 2024 तक कंपनी द्वारा पूरा किए जाने वाला ऑर्डर-बुक लगभग 20,700 मिलियन रुपये (जीएसटी सहित) तक पहुँच गया, जिसे एक साल के भीतर पूरा किया जाना है। इस तिमाही के दौरान, कंपनी को महाराष्ट्र में मैगेल त्याला सौर कृषि पंप योजना के तहत 7,543 मिलियन रुपये (जीएसटी सहित) की राशि के 25,000 पंपों के पैनल में शामिल होने का पत्र प्राप्त हुआ। इसके अलावा, हरियाणा नवीकरणीय ऊर्जा विभाग (ऌअफएउअ) से भी 3,174 पंपों का ऑर्डर मिला है, जो 1,163.6 मिलियन रुपये (जीएसटी सहित) का है। पीएम कुसुम योजना से परे, मैगेल त्याला सौर कृषि पंप योजना जैसे विविधतापूर्ण ऑर्डरों के साथ, हम अपने विकास की संभावनाओं को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं।

## अमेजन इंडिया ने भारत में विक्रेताओं के लिए ई-कॉमर्स के लाभों को उजागर करने के लिए शुरू किया #दिखोगे तो बिकोगे अभियान

**मुंबई/पटना।** अमेजन इंडिया ने एक नया ब्रांड अभियान, #दिखोगेतोबिकोगे (जिसका अर्थ है 'यदि प्रचार होगा तो आपका सामान बिकेगा) पेश किया है, जिसमें इस बारे में जागरूकता बढ़ाने की कोशिश की गई है कि भारत में छोटे व्यवसायों के लिए कंपनी के डिजिटल मार्केटप्लेस पर बिक्री करना सरल और प्रभावी है। इस अभियान में तीन रचनात्मक और हास-परिहास भरे विज्ञापन शामिल हैं और हरेक में अलग-अलग परिदृश्य में विक्रेता अपने उत्पादों को बढ़ावा देने और बेचने के लिए अपरंपरागत तरीके अपनाते हैं। ये वीडियो विक्रेताओं के लिए अमेजन के मार्केटप्लेस के लाभों को उजागर करते हैं, जैसे ग्राहकों की विशाल संख्या, भारत के 100% सेवा योग्य पिन कोड और 18+ वैश्विक मार्केटप्लेस तक पहुंच। यह अभियान ऑनलाइन बिक्री को सुलभ और प्रभावशाली बनाकर सभी आकार के व्यवसायों को सशक्त बनाने के लिए अमेजन की प्रतिबद्धता पर जोर देता है। एनॉर्मस ब्रांड्स एलएलपी ने इसे डिजाइन किया है ।

## वरद मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** वरद मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत बोईसर पालघर रोड नवापुर नाका के पास राजस अपार्टमेंट, बैंक ऑफ इंडिया बिल्डिंग के बिल्डिंग नंबर 1 में रविवार 26 जनवरी 2025 को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का सफल संचालन वरद मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉ. साईंदास लिंगनवाड, डॉ. कपिल माने, डॉ. इस्तियार खान व उनकी टीम द्वारा किया गया। शिविर में आने वाले सभी लोगों के ब्लड, कोलेस्ट्रॉल, यूरिन, शुगर, कान, आंख व फेफड़ों की जांच के साथ ही साथ ई.सी. जी., एक्स रे भी किया गया। वरद मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में करीब 250 लोगों ने हिस्सा लेकर शिविर का लाभ उठाया। इस शिविर के शुभारंभ के दौरान बोईसर पालघर पत्रकार संघ अध्यक्ष रामप्रकाश निराला, समाजसेविका संगीता जयसवाल, पत्रकार अजीत सिंह व मृत्युंजय पाण्डेय समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन गेम की लत ने युवक को बनाया चोर

## ट्रेन में बैग चोरी कर फरार आरोपी गिरफ्तार

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** ऑनलाइन गेम जंगली रमी पर प्रतिबंध लगाने की मांग करने वाले सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के प्रयासों के बावजूद, इस गेम की लत ने समाज में गहरी पैठ बना ली है। हाल ही में, जंगली रमी के नशे में डूबे एक युवक ने सिद्धेश्वर एक्सप्रेस ट्रेन में सफर कर रहे एक यात्री के बैग से 7 लाख मूल्य के गहने चुरा लिए। सोलापुर निवासी राहुल सुहास मोनी नामक यात्री ने सफर के दौरान अपनी बैग सीट पर रखी और सो गए। जब ट्रेन पुणे स्टेशन से आगे बढ़ी, तो उन्होंने देखा कि उनका बैग गायब है। रेलवे पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी योगेश चव्हाण (33) को पुणे से गिरफ्तार किया और चोरी किए गए गहने बरामद कर लिए।

आश्चर्यजनक रूप से, जिस ऑनलाइन गेम पर रोक लगाने के लिए श्रीकांत शिंदे लोकसभा में कुछ



महीने पहले आवाज उठाये थे, उसी गेम की लत से एक युवक ने अपराध का सहारा लिया। कल्याण रेलवे क्राइम ब्रांच के वरिष्ठ निरीक्षक रोहित सावंत और उनकी टीम ने तत्परता दिखाते हुए इस मामले का खुलासा किया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी ऑनलाइन गेम में हारने के बाद पैसे जुटाने के लिए चोरी कर रहा था।

श्रीकांत शिंदे ने लोकसभा में जंगली रमी जैसे ऑनलाइन गेम्स पर प्रतिबंध की मांग करते हुए इसे समाज के लिए हानिकारक बताया था। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या सिर्फ बयानबाजी से यह समस्या हल हो पाएगी?

जब तक कड़े नियम और जागरूकता अभियान लागू नहीं होते, तब तक ऐसे गेम्स की लत से जुड़े अपराधों को रोक पाना मुश्किल होगा। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि समाज में ऐसे गेम्स के दुष्प्रभाव गहराई तक पहुंच चुके हैं।

## केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन ने बड़े धूमधाम के साथ मनाया 76वां गणतंत्र दिवस

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन द्वारा पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत धर्मनगरी आजाद नगर में स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर एवं शीतला माता मंदिर के पास स्थित प्रांगण में 26 जनवरी 2025 को सुबह 9.30 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर बड़े धूमधाम के साथ 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित सत्यनारायण पाठक के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ भारत माता के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पण व पूजन करके की गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के तौर पधारे केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, काशी विश्वनाथ



मंदिर एवं शीतला माता मंदिर के संस्थापक, शिवतेज मित्र मंडल अध्यक्ष, भाजपा नेता तुलसीराम केवट के हाथों झंडा फहराया गया। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने झंडे को सलामी देते हुए राष्ट्रगान गाया। वहीं फाउंडेशन की ओर से उपस्थित सभी मान्यवरों के गले में तिरंगा पट्टा डाल कर व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया तथा मिष्ठान वितरण कर सभी जनों का मुंह मीठा कराते हुए एक दूसरे को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, काशी विश्वनाथ मंदिर एवं शीतला माता मंदिर के संस्थापक, शिवतेज मित्र मंडल अध्यक्ष, भाजपा नेता तुलसीराम केवट के अलावा बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## श्री बड़ी दुर्गा महारानी जी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मनाया 76वां गणतंत्र दिवस

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** श्री बड़ी दुर्गा महारानी जी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत धर्मनगरी आजाद नगर में स्थित श्री बड़ी दुर्गा महारानी जी मंदिर के प्रांगण में 26 जनवरी 2025 को सुबह 9.30 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर बड़े धूमधाम के साथ 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित राघवेंद्र जी के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ भारत माता के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पण व पूजन करके की गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के तौर पधारे भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रशांत संखे के हाथों झंडा फहराया गया। इस मौके पर उपस्थित




सभी लोगों ने झंडे को सलामी देते हुए राष्ट्रगान गाया। वहीं ट्रस्ट की ओर से मिष्ठान वितरण कर सभी जनों का मुंह कराते हुए एक दूसरे को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर श्री बड़ी दुर्गा महारानी जी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेंद्र दुबे, मनोहर सिंह, सुरेश चौरसिया, राजू श्रीवास्तव, मुकेश यादव, अशोक सिंह, संजय जायसवाल, तीर्थराज पांडेय, शैलेन्द्र सिंह, रंजन नामदेव, सभाजीत यादव, दीपू यादव, रूपेश ठाकुर, धर्मेंद्र मौर्य, चैरिटेबल ट्रस्ट की रेनू दुबे समेत बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## इंडिया मीडिया लिंक ने टाटा अस्पताल के सामने कैंसर रोगियों के रिश्तेदारों को कंबल बांटा

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर इंडिया मीडिया लिंक एवं इवेंट मैनेजमेंट द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी टाटा केईएम अस्पताल में देशभर से इलाज के लिए आए मरीजों के परिजनों को हजारों की संख्या में कंबल, मिठाईयां एवं अन्य तिरंगा प्रदान कर सम्मानित किया । कंबल वितरण प्रसिद्ध बॉलीवुड पत्रकार एवं जाने माने उद्योगपति के. रवि दादा के नेतृत्व में किया गया। कंबल मिलते ही मरीजों और उनके परिजनों के चेहरे प्रफुल्लित है गए। इसके अलावा मुंबई के गेट ऑफ इंडिया में भी सैकड़ों लोगों को इंडिया मीडिया लिंक की ओर से रात में कंबल वितरित किया गया।

बता दें की टाटा और केईएम अस्पताल में इलाज के लिए देशभर से मरीज और उनके परिजन आते हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों को कड़ाके की ठंड में सड़कों पर रहने के लिए मजबूर होना पड़ता हैं। ऐसे लोगों की मदद के लिए इंडिया मीडिया लिंक इवेंट मैनेजमेंट के के.राहुल द्वारा इस वर्ष भी कंबल वितरण का आयोजन किया गया।




इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक के.रवि दादा ने पत्रकारों से बताया जाता पिछले पंद्रह-सोलह सालों से यह अभियान चलाया जा रहा है और इसका मुख्य उद्देश्य इन पीड़ितों और मरीजों को न्याय दिलाने के लिए सरकार का ध्यान आकर्षित करना है। हमारा उद्देश्य मुंबईकरों में यह भावना पैदा करना है कि इन पीड़ितों के रिश्तेदार जो मानवीय दृष्टिकोण से सोचते हैं और हर साल इस पहल के माध्यम से उस संदेश को लोगों तक पहुँचाना चाहते हैं। इससे समाज जागरूक होता है।₹ मुंबई के पूर्व उप महापौर बाबूभाई भवानजी ने ध्वजारोहण किया और उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि वे मरीजों और उनके रिश्तेदारों की भावनाओं को सरकार तक पहुंचाने के लिए ईमानदारी से प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर शिवसैनिक देवदत्त बाला भट ने शिवसेना प्रमुख स्वर्गीय बाला साहब ठाकरे का वेश धारण कर सभी को आकर्षित किया। प्रकाश दुपारगड़े, शरद रनपिसे और संतोष धालवे ने भी गणमान्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## हाफिज जी ग्रुप व यू के ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक विवाह में 12 जोड़ो का हुआ विवाह

आचार्य सूरजपाल यादव

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी शहर में इज्तेमाई शादी सम्मेलन का आयोजन पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से किया गया जिसमें 12 जोडो ने शादी के बंधन में बंधकर वैवाहिक जीवन की शुरूआत किये । यह भव्य सामूहिक विवाह आयोजन हाफिज जी ग्रूप अंड यू के ग्रुप द्वारा किया गया था । जिसमें भिवंडी के साथ अन्य शहरों से लोग शामिल हुए थे । आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग से आने वाले परिवारों के लिए इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महंगाई के दौर में शादी का खर्च कम करना और गरीब परिवारों को राहत प्रदान करना था ताकि वे अपने बच्चों का विवाह खुशी-खुशी कर सकें । इस शादी का आयोजन बिलाल मस्जिद शान्ती नगर भिवंडी मैदान में आयोजित किया गया और इसका संचालन हाफिज जी ग्रूप के संस्थापक हाफिज अकरम खान की सरपरस्ती में हुआ । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भिवंडी सांसद सुरेश म्हात्रे , राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भिवंडी शहर अध्यक्ष सोएब खान , महिला अध्यक्ष स्वाती कांबले



सहित मुंबई व ठाणे जिले के विभिन्न क्षेत्रों गणमान्य मौजूद थे ।वही सांसद सुरेश म्हात्रे ने सभी जोड़ो को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दिये ।

इस सामूहिक विवाह की बारात 12 दुल्हों के साथ शान्ती नगर गौसिया मस्जिद से बग्गी पर निकाली गई जोड़ो को पलंग,कपाट के साथ गृहस्थी चलानें के लिए जरूरी समान दिया गया । इस विवाह कार्यक्रम में हर दुल्हों के साथ पचास बाराती और दुल्हन की तरफ से पचास घराती सहित हजारों लोगों को खाने का इंतजाम किया गया था , इस कार्यक्रम की सफलता में प्रमुख भूमिका निभाने वाले मुमताज अंसारी, मंजूर खान,बाबा बिरयानी,नासिर खान,सलाम भाई संस्था के कई नौजवानों का योगदान रहा। नगरसेवक बहत्तर भाई और शान्ती नगर के युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा । इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि यह धार्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक था जिसमें विभिन्न धर्मों के गणमान्य नागरिकों और समाजसेवियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया ।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय:
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति**, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# समाज के प्रति अधिवक्ताओं की सामूहिक जिम्मेदारी: बाबू सिंह कुशवाहा

## अधिवक्ता समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ समारोह सम्पन्न

मछलीशहर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। तहसील प्रांगण में अधिवक्ता समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने मंगलवार को शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद जौनपुर बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की समाज के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज के गरीब कमजोर जिनको पैसे के अभाव में न्याय नहीं मिल पा रहा है। उनकी मदद आप लोगों को जरूर करनी चाहिए। अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट और अधिवक्ता कल्याण निधि 5 लाख करने के लिए भरसक प्रयास का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि जनता को न्याय मिले यह अधिवक्ताओं के माध्यम से ही संभव है। अधिवक्ताओं के हित,सम्मान की लड़ाई में हमेशा आपके साथ हूं। लेकिन आप अपनी एकता बनाए रहें विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सुषमा पटेल ने कहा कि कानूनी



न्यायिक प्रक्रिया में अधिवक्ता एक कड़ी का काम करते हैं। एडवोकेट हाई कोर्ट राय साहब पटेल ने अधिवक्ताओं को संगठित रहने पर बल दिया और सभी पदाधिकारियों व एल्डर्स कमेटी को सम्मानित किया। डॉ.आर बी चौहान एवं डॉ तेज बहादुर यादव ने भी विचार व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि सीमा द्विवेदी ने अध्यक्ष हुबेदार पटेल और मुख्य अतिथि ने महामंत्री नंदलाल यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव चौधरी सहित सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाया। इस अवसर पर एल्डर्स कमेटी/चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिन्हा, सदस्यगण केदार नाथ यादव, ब्रह्मदेव शुक्ल, अशोक कुमार श्रीवास्तव, हरिनायक तिवारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ एवं पूर्व महामंत्री वेद प्रकाश श्रीवास्तव, अजय सिंह, रघुनाथ प्रसाद, भरत लाल यादव सहित सभी अधिवक्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद मिश्र एवं संचालन श्याम सुंदर यादव ने किया।

# एक वर्ष तक जिले में किया जायेगा अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन: सीमा द्विवेदी

## अटल विरासत सम्मेलन में जिले के प्रबुद्धजन, सूचीबद्ध विशिष्ट जन एवं अटल जी के सभी प्रसंशक किये जायेंगे आमंत्रित

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष पर भारतीय जनता पार्टी जौनपुर मे लाइन बाजार स्थित डाक बांग्ला मे एक पेश वार्ता हुई, जिसको राज्य सभा सदस्य सीमा द्विवेदी ने सम्बोधित किया। उन्होंने प्रेस वार्ता में उपस्थित पत्रकारों को सम्बोधित करते हुई कही कि हम सभी के लिए हर्ष का विषय है कि यह वर्ष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म शताब्दी वर्ष है। श्रद्धेय अटल जी की जयंती 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप मनाई गयी।इस अवसर पर बूथ, मंडल, जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों कार्यक्रम व्यापक रूप से संपन्न हुए। पूरा देश अपने भारत रत्न अटल को, उस आदर्श विभूति के रूप में याद कर रहा है।जिन्होंने अपनी सौम्यता, सहजता और सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनायी पूरा देश उनके योगदान के प्रति कृतज्ञ है उनकी राजनीति के प्रति कृतार्थ है 21वीं सदी को भारत की सदी बनाने के लिए उनकी एनडीए सरकार ने जो कदम उठाये।उसने देश को एक नयी दिशा, नयी गति दी 1998 के जिस काल में उन्होंने पीएम पद संभाला, उस दौर में पूरा देश राजनीतिक अस्थिरता से घिरा हुआ था। नौ साल में देश ने चार बार लोकसभा के चुनाव देखे थे लोगों को शंका थी कि यह सरकार भी उनकी उम्मीदों को पूरा नहीं कर पाएगी ऐसे समय में एक सामान्य परिवार से आने वाले अटल जी ने, देश को स्थिरता और सुशासन का मॉडल दिया भारत को नव विकास की गारंटी दी वे ऐसे नेता थे। जिनका प्रभाव भी आज तक अटल है। आप सबको मालूम हो कि अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सभी देशवासी गौरवान्वित हैं कि देश के दूरदर्शी, कर्मठ एवं यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी अनेकों ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ विकसित भारत के संकल्प की ओर बढ़ रहे है जिससे




श्रद्धेय अटल जी की सोच साकार हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि अटल स्मृति संकलन एवं सम्पर्क अभियान मे भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता एवं श्रद्धेय अटल जी के प्रिय देशवासी, अटल स्मृति संकलन एवं सम्पर्क अभियान में ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करेंगे जिनके पास श्रद्धेय अटल जी के साथ साझा किये गये किसी भी क्षण की स्मृति या तो कागजी माध्यम जैसे पेपर कटिंग, किताब पर दिया गया ऑटोग्राफ या अन्य कोई कागज जो कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अटल जी से सम्बद्ध है या स्मृति का ऑडियो क्लिप, विडियो क्लिप उपलब्ध है। भाजपा के लोग इस अभियान के अन्तर्गत उन पुण्य जिलावासियों के पास जाकर उन्हे सम्मानित कर उपलब्ध स्मृति की एक कॉपी लेकर संकलित करेंगे। हम सभी इसी अभियान के अन्तर्गत उन भाग्यवान व्यक्तियों को चिन्हित करेंगे जिन्होने प्रत्यक्ष रूप से श्रद्धेय अटल जी के साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, भारतीय जनता पार्टी या संघ के किसी अनुसांगिक संगठन में कार्य किया हो हम उन सभी वरिष्ठ जनों को सूचिबद्ध कर सम्मानित करने का कार्य करेंगे। इसी कार्यक्रम के अन्तर्गत अटल जी पर लिखे गये लेखों, पुस्तकों को एकत्रित कर सूचिबद्ध किया जायेगा। तदोपरान्त इनमें से चुनी हुई जानकारी हम प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि इस कार्यक्रम के पश्चात 15 फरवरी से 15 मार्च, 2025 की बीच जिले में अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा, जिसमें जिले के प्रबुद्धजन, सूचीबद्ध विशिष्ट जन एवं अटल जी के सभी प्रसंशक आमंत्रित किये जायेंगे। सम्मेलन में अटल जी के साथ कार्य कर चुके वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान होगा। अटल जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर हमारे जिले में जो भी लेख व पुस्तकें लिखी गयी हैं उनके लेखकों को सम्मानित किया जायेगा। श्रद्धेय अटल जी के संकलित स्मृतियों की जानकारी का डिजिटल प्रस्तुतिकरण होगा। इसी सम्मेलन में श्रद्धेय अटल जी के कार्यकाल में हमारे प्रदेश में उनकी प्रेरणा से शुरू हुई विशेष योजनाओं का विस्तृत प्रस्तुतिकरण होगा। इस प्रेसवार्ता के माध्यम से हम जिले के उन सभी पुण्य जनो का आवाह्न करते हैं जिनके पास श्रद्धेय अटल जी से जुड़ी हुई कोई भी स्मृति कागजी या ऑडियो एव वीडियो के माध्यम में उपलब्ध हो या वे सभी वरिष्ठ जन जिन्होनें श्रद्धेय अटल जी के साथ कार्य किया हो वह सभी हमारे भाजपा जिला कार्यालय से सम्पर्क अवश्य करें जिससे हमारा संगठन उन पुण्य महानुभवों तक पहुँच सके। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह सुनिल तिवारी आमोद सिंह उपस्थित रहे।

# प्रयागराज महाकुंभ: रोडवेज इंचार्ज व्यवस्था करने में हुई नाकाम

## रोडवेज की व्यवस्था से आक्रोशित हुए श्रद्धालु, दूरदराज से आये लोग सुबह से शाम तक रहे भूखे प्यासे

**विशाल सोनी**

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। भारत के प्रयागराज में होने वाले 144 वर्षों बाद महाकुंभ मेले को लेकर जहां प्रदेश सरकार अरबों रुपये खर्च कर श्रद्धालुओं को हर तरह से व्यवस्थित ढंग से प्रयागराज बसों और ट्रेनों द्वारा पहुंचाने का कार्य कर रही है, तो वही सरकार पर स्थानीय रोडवेज डिपो के अधिकारी और कर्मचारी के रवैये से श्रद्धालुओं में मंगलवार को भारी आक्रोश देखने को मिला। श्रद्धालु सरकार के व्यवस्था से संतुष्ट नजर आये मगर शाहगंज डिपो की इंचार्ज विजय लक्ष्मी के व्यवस्थाओं से बहुत खिन्न दिखाई दिए। ऊंचडीह से आई उर्मिला, निजमापुर से आई 60 वर्षीय श्यामराजी देवी, दीपाईपुर से इंदिराजी एवं समरत्ती देवी सहित सैकड़ों की संख्या में पहुंची रोडवेज डिपो पर जब प्रयागराज जाने का कोई व्यवस्था नही मिला तो सब तहसील परिसर पहुंची जहां प्रयागराज जाने के लिए डिपो की बसे मिलती है वहां भी सबको निराशा ही मिली पूछने पर सभी ने एक सुर में कहा की सुबह से आये है शाम के चार बज गए है मगर अभी तक कोई बस नही मिली। वहीं रोडवेज






पहुंचे पर देखा गया की हजारों की संख्या में प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं में रोडवेज के अधिकारियों के खिलाफ भारी आक्रोश देखने को मिला।इस सम्बंध में जब डिपो की इंचार्ज विजयलक्ष्मी से पूछा गया तो वह कोई संतोष जनक जवाब नही दे पाई। बल्कि उनके कलीगों ने कहा की मैडम अभी नई नई आई हैं इसी लिए जानकारी नही है। सवाल उठता है अगर कोई अधिकारी नई नई है उसे श्रद्धालुओं के आस्था पर कुठाराघात करने का अधिकार किसने दिया। जिसके कारण महिला, बुजुगों और नौजवानों की भारी भीड़ या यूं कहें की जन सैलाब उमड़ पड़ा।

# बिजली संकट से मछलीशहर को राहत, बनेगा उपकेंद्र: डा.रागिनी सोनकर

## विधानसभा में नियम 51 के तहत 29 जुलाई को उठाया था मामला

मछलीशहर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मछलीशहर विधानसभा क्षेत्र में पिछले दो महीनों से भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली संकट गहराता जा रहा था। इस संबंध में मछलीशहर की विधायक डॉ.रागिनी सोनकर ने नियम 51 के तहत विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा। इस पर सदन ने उनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुए बधवां में बिजली उपकेंद्र बनवाने की घोषणा कर दी। इस संबंध में भूमि आवंटन के लिए भी विधायक ने लगातार प्रमुख सचिव और जिलाधिकारी को पत्र लिखतीं रहीं। इस पर भी स्वीकृति हो गई है। विधायक के इस प्रयास से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। मछलीशहर के विधायक निवास पर नागरिकों ने मिलकर विधायक के प्रति आभार जताया है। विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने कहा कि विधान सभा में नियम 51 के तहत 29 जुलाई को यह मुद्दा उठाया भी था। उन्होंने विद्युत कटौती पर मांग भी की थीं कि संबंधित अधिकारियों और मोन्टी कार्लो कंपनी की जिम्मेदारी तय करते हुए।दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, क्षेत्र में दो नए विद्युत उपकेंद्रों का निर्माण कराया जाए। ताकि लोगों को निर्बाध

### विधायक का प्रयास रंग लाया, चहुंओर हो रही है प्रशंसा




बिजली आपूर्ति मिल सके। डॉ. रागिनी का कहना है कि यह समस्या केवल बिजली आपूर्ति तक सीमित नहीं है।बल्कि इसके सामाजिक और आर्थिक प्रभाव भी क्षेत्र में गहराते जा रहे हैं। अतः संबंधित विभाग और शासन से अपेक्षा है कि वे इस समस्या का त्वरित समाधान करें। यह कदम न केवल क्षेत्र के निवासियों को राहत प्रदान करेगा। बल्कि उनके जीवन स्तर को भी बेहतर बनाएगा। इस संबंध में जिला प्रशासन की पहल का भी डॉ रागिनी सोनकर ने स्वागत किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का इसी तरह सहयोग मिलता रहा तो मछलीशहर को एक आदर्श विधानसभा बनाने का मैं प्रयास करूंगी। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष समेत सभी प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# स्टेट बैंक के लाकर से गोल्ड लोन के जेवरात चोरी, शाखा प्रबंधक ने दर्ज कराया मुकदमा

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नगर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में लाकर से गोल्ड लोन के जेवरात चोरी होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले में शाखा प्रबंधक विवेकानंद ने कोतवाली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बैंक में गोल्ड लोन के तहत ऋणी द्वारा जमा कराए गए जेवरात लाकर में सुरक्षित रखे जाते हैं। ऋणी फूला देवी ने अपना बकाया चुकाकर जेवरात वापस लिए, लेकिन उन्होंने शिकायत की कि उनके बैग में जमा कराए गए कुछ जेवरात गायब हैं। बैंक प्रबंधन द्वारा की गई आंतरिक




जांच में खुलासा हुआ कि लाकर से गोल्ड लोन में जमा किए गए पांच बैग पूरी तरह से गायब हैं और 14 बैगों में से कुछ जेवरात नहीं मिल रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए शाखा प्रबंधक ने पुलिस को सूचित किया। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह ने बताया कि मामला गंभीर है और जांच जारी है। बैंक के उच्चाधिकारियों को भी इस घटना की जानकारी दे दी गई है। चोरी के पीछे की साजिश और जिम्मेदार व्यक्तियों का पता लगाने के लिए पुलिस गहनता से छानबीन कर रही है।

# 27 साल पुराने मामले में अभियुक्त दोषमुक्त

## बीआरपी कॉलेज के पास देसी बम के साथ पुलिस ने किया था अरेस्ट

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। किशोर न्याय बोर्ड जौनपुर के प्रधान मजिस्ट्रेट ऋषभ चतुवेर्दी की अदालत ने 27 साल पुराने मामले में एक अभियुक्त को दोषमुक्त कर दिया। अभियुक्त के अधिवक्ता आशीष देव सिंह एडवोकेट व शिव लखन एडवोकेट ने पैरवी की। अभियोजन कथानक के अनुसार लाइन बाजार पुलिस ने अभियुक्त ज्ञानेश कुमार उर्फ भातू को 10 सितंबर 1997 को बीआरपी कॉलेज में पास स्थित हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक आरोपी के पास से एक अदद जिंदा देशी बम बरामद हुआ था। बम रखने का कारण पूछने पर आरोपी माफी मांगने लगा। अभियुक्त के खिलाफ धारा 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी उस वक्त किशोर था यह मामला किशोर न्याय बोर्ड में चल रहा था। बोर्ड द्वारा उसे अपचारी घोषित किया गया। प्रकरण में अपचारी ज्ञानेश पर लगे आरोप को साबित किए जाने का भार अभियोजन पक्ष पर था लेकिन पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाने के उपरांत भी अभियोजन पक्ष किसी भी अभियोजन साक्षी का साक्ष्य अंकित नहीं करा सका चूंकि अभियोजन पक्ष की ओर से किसी भी साक्षी को परीक्षित नहीं कराया गया है तत्पश्चात बोर्ड ने अपचारी को प्रकरण में दोषमुक्त कर दिया।

## दाऊद का गुरु सुभाष ठाकुर 5 साल बाद गया जेल

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम का गुरु माफिया सुभाष ठाकुर पांच साल बाद फिर जेल गया। सोमवार को उसे बीएचयू अस्पताल से फतेहगढ़ सेंट्रल जेल भेज दिया गया। माफिया वहां आजीवन कारावास की सजा काटेगा। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल के गठित 12 डॉक्टरों के पैनल ने सुभाष ठाकुर को फिट पाया। वह खुद के अस्वस्थ होने का दावा करता रहा। जांच टीम को उसे जेल से अस्पताल में लाकर रखने का कोई ठोस आधार नहीं मिला।

## जौनपुर में आज बंद रहेंगे कक्षा एक से लेकर 8 तक के स्कूल

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल ने 29 जनवरी को कक्षा 1 से लेकर 8 तक के विद्यालय में अवकाश घोषित कर दिया है। बीएसए का यह आदेश मौनी अमावस्या पर्व पर प्रयागराज में संगम तट पर स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं को जाने व आने वाली वाहनों की भारी तादात को देखते हुए दिया है। बुधवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर आवागमन एवं यातायात के दृष्टिगत जिले के अंदर बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय तथा सभी बोर्डों के मान्यता प्राप्त तथा सहायता प्राप्त पहली से आठवीं तक के विद्यालयों में जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र के आदेश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ.गोरखनाथ पटेल ने अवकाश घोषित कर दिया है। जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन कराने को कहा गया है। बताते चलें कि बुधवार को मौनी अमावस्या का स्नान पर्व होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज को जा रहे हैं तथा बुधवार को स्नान से वापसी के समय बस स्टैंड तथा रेलवे स्टेशनों पर भारी भीड़ होने की सम्भावना है।

# जिलाधिकारी ने मड़ियाहूँ तहसील का किया औचक निरीक्षण

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा तहसील मड़ियाहूँ का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्यायालय उपजिलाधिकारी और न्यायालय तहसीलदार का



निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुराने मुकदमों के निस्तारण के सम्बन्ध जानकारी प्राप्त की और उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि जो भी कमियां आज पाई गई उनपर कृत कार्यवाही न किए जाने पर तथा पुराने मुकदमो को निस्तारित नही करने पर प्रतिकूल संज्ञान लिया जाएगा। उप जिलाधिकारी न्यायिक को भी निर्देशित किया कि बार के सहयोग से अधिक से अधिक मुकदमों का निस्तारित किया जाए जिससे आमजन को कचहरी न आना पड़े और उन्हे त्वरित गति से न्याय दिलाया जा सके। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि पत्रावलियों का रख-रखाव उचित ढंग से किया जाये और कार्यालय में साफ-सफाई नियमित हो। कार्यालय में आने वाले फरियादियों की गम्भीरतापूर्वक तथा संवेदनशीलता के साथ सुनवाई करते हुए उनके प्रकरणों का निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी के द्वारा बार के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याए सुनी गई और सम्बन्धित को निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा पत्रावलियों का भी अवलोकन किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कुणाल गौरव, उपजिलाधिकारी न्यायिक, कर्मचारीगण, सहित अन्य उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों के स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**खालिद अफजल**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नगर के रूहट्टा स्थित राजेश स्नेह ट्रस्ट ऑफ एजुकेशन दिव्यांग बच्चों का स्कूल एवं पुनर्वास केंद्र पर गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम बहुत हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम सामूहिक रूप से दिव्यांग बच्चों और अतिथियों के हाथों झंडा रोहण हुआ। मंच का संचालन प्रदीप मिश्रा ने किया। तत्पश्चात दिव्यांग बच्चों ने स्वागत व राष्ट्र गीत प्रस्तुत किया। अतिथि स्वरूप कार्यक्रम में आई दिव्या ने बच्चों के कल्याण हेतु हर संभव मदद करने की बात कही।

प्रधानाध्यापिका पूनम मिश्रा ने एक बच्चे को भविष्य में अनौपचारिक रूप से गोद लेने की बात कही। सह कोषाध्यक्ष मनीष सिन्हा ने कहा कि इनके साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार नहीं करना बल्कि उनके उत्थान और कल्याण हेतु सहयोग करने की जरूरत है। नवीन मिश्रा एवं संगीत की असिस्टेंट प्रोफेसर प्रज्ञा मिश्रा ने बच्चों को संगीत सीखने और सीखने की बात कही। डॉ.आनंद कुमार दुबे ने कहा कि हम देखते हुए भी लोगों को अलग अलग नजरिए से देखते हैं और ये नेत्रहीन बच्चे न देखते हुए भी सभी लोगों को एक नजरिए से देखते हैं। एक समान देखते हैं, व्यवसाय प्रबंधन विभाग पूर्वांचल विश्वविद्यालय की शिक्षिका अंकित मिश्रा, डॉ लल्लन विश्वकर्मा, शरद साहू, अवधेश गिरी, रमेश श्रीवास्तव, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक, शिक्षक पंकज सिंह, अतुल जायसवाल राघव अग्रहरि, आलोक यादव इत्यादि ने अपने अपने तरीके से दिव्यांग बच्चों के कल्याण हेतु सहयोग करने की बात कही कार्यक्रम में गृह स्वामी डॉ राजेश गुप्ता व विशेष शिक्षिका हेमू वर्मा ने विशेष सहयोग किया। सभी बच्चों को लड्डू समोसा नमकीन फल इत्यादि वितरित किया गया। खाद्य सामग्री पाकर सभी बच्चों के चेहरे खिल गए। अंत में सचिव किरन ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में अनुष्का, प्रियांशी, रौनक गुप्ता ऋषु गुप्ता, श्रेया प्रवेश इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# रज्जू भैया का जीवन समाज व राष्ट्र को था समर्पित: प्रो.प्रमोद यादव

## जन्मजयंती की पूर्व संध्या पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय स्थित प्रो.राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के द्वारा प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) की जन्मजयंती की पूर्व संध्या पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि प्रो राजेंद्र सिंह सरलता, सहजता व आत्मीयता के प्रतिमूर्ति थे। इसी कारण लोग प्रो राजेंद्र सिंह को प्यार से रज्जू भैया कहते थे। उन्होंने रज्जू भैया के जीवन के ऊपर विस्तार से प्रकाश डाला। रज्जू भैया प्रयागराज विश्वविद्यालय में भौतिक शास्त्र के प्रोफेसर थे। सन 1966 में प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) ने प्रयाग विश्वविद्यालय के भौतिक शास्त्र के विभागाध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया। तत्पश्चात वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जीवनव्रती प्रचारक के रूप में उस पथ के पथिक बनकर संघ कार्य में अहर्निश सक्रिय हो गए। रज्जू भैया बाद में 1994 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चौथे सरसंघचालक बने। उन्होंने एक शिक्षक, स्वयंसेवक, प्रचारक से लेकर सरसंघचालक तक की महती जिम्मेदारियों को बड़ी सहजता और सरलता के साथ निभाया। कुलपति प्रो वंदना सिंह की प्रेरणा से संस्थान उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर है तथा शोध के क्षेत्र में देश एवं विदेश में महत्वपूर्ण स्थान बना रहा है। ज्ञात हो कि रज्जू भैया की स्मृति में 2018 में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में प्रो. राजेंद्र सिंह



(रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान की स्थापना तत्कालीन कुलपति प्रो. राजाराम यादव के प्रयास से उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा की गई। कार्यक्रम का संयोजन डॉ.नितेश जायसवाल ने किया किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के आचार्य प्रो. मिथलेश सिंह, प्रो. गिरधर मिश्र, प्रो प्रमोद कुमार, डॉ.मिथिलेश यादव, डॉ.नीरज अवस्थी, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ.शशिकांत, डॉ.आलोक वर्मा, डॉ.आशीष वर्मा, डा.दिनेश वर्मा, डॉ. सुजीत चौरसिया, डॉ. रामांशु, डा.दीपक मौर्या, संदीप वर्मा, सौरभ सिंह और अन्य शिक्षक तथा सभी छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रही।

# अवैध तरीके से रास्ते पर अवैध निर्माण करके गेट लगा लिया दबंग ने

## भुगतभोगी ने उच्च अधिकारियों से लगाई गुहार

**रियाजुल हक ब्यूरो**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। थाना खेतासराय क्षेत्र के कस्बा मानी कलाँ निवासी ने आज जिला मुख्यालय पहुंच अबुशाद पुत्र मकबूल अहमद ग्राम व पोस्ट मानीकला थाना खेतासराय का मकान मानीकला गांव में उसके मकान के बगल में एक निजी विद्यालय है।विद्यालय के प्रबंधक ने उसके पुश्तैनी रास्ते को आगे से बंद कर दिया है और उसमें दरवाजा लगा दिया है।जिससे आने जाने में इन लोगों को काफी कठिनाइया हो रही है जब कि इस रास्ते का विवाद न्यायालय में विचाराधीन है न्यायालय द्वारा बंदो बस्त अधिकारी को इस प्रकरण की जांच करने का आदेश भी दिया गया था।मगर विद्यालय का प्रबंधक गलत तरीके से दबंगई और गोलबंदी कर-के रास्ते पर गेट लगा दिया है।जबकि पुराने रास्ते का सबूत के तौर पर उसके के पास वीडियो और फोटो भी है वर्तमान रास्ते का वीडियो और फोटो भी है,जिससे




स्थित काफी स्पष्ट हो जाती है।उसने यहां पहुंच आज पुलिस अधीक्षक से निवेदन है कि उक्त प्रकरण में न्याय संगत उचित कार्रवाई की जाए और रास्ते पर जो गेट लगाया गया है उसे जन हित में हटवाने की कृपा करने की गुहार लगाई है।

# प्रयागराज महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं के लिए वितरित किया गया भोजन पैकेट

मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। प्रयागराज महाकुंभ के लिए सरकारी व निजी वाहनों से जा रहे लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह (फंटू) के द्वारा पानी व भोजन पैकेट जरूरतमंद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया।साथ ही सार्वजनिक इंटर कालेज के परिसर में लगे भोजन स्टाल पर श्रद्धालुओं को रोकर भोजन ग्रहण करवाया गया। पूर्वांचल से प्रयागराज महाकुंभ में जौनपुर, कुशीनगर गोरखपुर, देवरिया, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, महाराजगंज, बस्ती, संत कबीर, नगर सिद्धार्थनगर, बलिया व सोनभद्र रोडवेज बसों, निजी वाहनों व दो पहिया वाहनों से जाने वाले लाखों श्रद्धालुओं के वाहनों को रोकर भोजन पैकेट जरूरतमंदों को वितरित किया गया। दो दिवसीय निःशुल्क भोजन पैकेट के पहले दिन दस हजार श्रद्धालुओं को भोजन पैकेट वितरित किया गया। दो दिन में बीस हजार श्रद्धालुओं को भोजन पैकेट व पानी वितरित करने की योजना है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह, उदय सिंह, पिंटू पांडे, राहुल सिंह, विमल सिंह, धीरज सिंह, धर्म सिंह, विनोद चौरसिया, दिनेश तिवारी, अनुपम तिवारी, मनोज तिवारी, सत्यम सिंह, अभिषेक गुप्ता, पंकज सिंह, सुनील सिंह, ऋषभ तिवारी, भल्लू शुक्ला, अरविंद तिवारी, सभापति शर्मा, बबलू गौड़ व प्रदीप आदि लोगों ने भोजन पैकेट श्रद्धालुओं में वितरित करने में सहयोग किया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हुई किशोरी, छानबीन में जुटी है पुलिस

**कानपुर(उत्तरशक्ति)।** कानपुर में महाराजपुर के सिखौटिया गांव से संदिग्ध परिस्थितियों में बारह वर्षीय किशोरी लापता हो गई थी। मंगलवार सुबह डीसीपी किशोरी के घर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिस आसपास के इलाकों में छानबीन कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम लगभग पांच बजे बकरियां चराकर किशोरी दिव्यांशी घर वापस आई थी। पिता रामनरेश रैदास ने बताया कि एक बकरी जंगल में खो गई थी, उसी को दोबारा वापस लेने अकेले गई थी और तब से वापस नहीं लौटी। पिता राम नरेश और मां मंजू ने शाम तक खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी न मिलने पर अन्य लोगों को जानकारी दी। देर रात पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है। आसपास खेतों, जंगलों और संदिग्ध जगहों में तलाश की जा रही है।

## सफाई कर्मी को बेरहमी से प्रधान व उसके भाई ने स्कूल में बंदकर पीटा

**जगतबेला।** चिलुआताल क्षेत्र के करनजहवा गांव में तैनात सफाई कर्मी को एक स्कूल में बंद कर प्रधान व उसके भाई ने बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने चिलुआताल थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। करनजहवा गांव में तैनात सफाई कर्मी विमलेश कुमार द्विवेदी ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि सोमवार को पंचायत भवन की साफ-सफाई कर रहा था। इस दौरान वहां टोटी खुली थी। कहा कि कौन खोलकर छोड़ देता है, झूठ में पानी गिराकर नुकसान किया जा रहा है। इस बात पर शिक्षामित्र विवेक चतुवेर्दी नाराज हो गए और विवाद करने लगे। थोड़ी ही देर बात विवेक चतुवेर्दी ने अपने भाई प्रधान वरुणा चतुवेर्दी को बुला लिया। इसके बाद बगल में स्थित स्कूल में गेट बंदकर दोनों भाइयों ने आधे घंटे तक डंडे से पीटा। इस संबंध में सीओ कैंपियरगंज गौरव त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर केस दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से एमए की छात्रा की मौत

**अम्बेडकरनगर।** मालीपुर-नेमपुर रेलवे क्रॉसिंग पर सोमवार को एमए की छात्रा की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। रेलवे फाटक बंद होने के बावजूद वह रेल लाइन पार कर रही थी, तभी हादसा हो गया। मालीपुर के बैरागलपुर गांव की अन्नू प्रजापति (22) एमए की छात्रा है। सोमवार को वह घर से बाबा बरूआदास पीजी कॉलेज में पढ़ने के लिए साइकिल से गई थी। दोपहर एक बजे के करीब वह स्कूल से छूटने के बाद किसी काम से नेमपुर बाजार जा रही थी। मालीपुर-नेमपुर क्रॉसिंग बंद थी। इसके बाद भी वह उसे पार कर रही थी। तभी शाहगंज की तरफ से अकबरपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार मालगाड़ी की चपेट में आने से अन्नू की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वहां खड़े लोग उसे आवाज देकर रोकने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन अन्नू सुन नहीं पाई।

## गोवंश के अवशेष मिलने से ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**जहांगीरगंज (अंबेडकरनगर)।** केदरूपुर गांव के गोलू मिश्र रविवार को अपने खेत की सिंचाई कर रहे थे। उन्होंने ही कुएं में गोवंश के अवशेष देखे तो गांव के लोगों को जानकारी दी। कुछ ही देर में वहां लोगों की भीड़ लग गई। गांव के ही एक व्यक्ति पर गोकशी का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। सीओ रामबहादुर सिंह व एसओ अजय प्रताप यादव गांव पहुंचे और लोगों से वार्ता कर शांत कराया। इस दौरान ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर अड़े रहे। गोकशी में एक व्यक्ति की संलिप्तता की बात सामने आ रही है। थानाध्यक्ष अजय प्रताप यादव ने बताया कि देखने से प्रथम द्दष्टया अवशेष काफी पुराने लग रहे हैं। वारदात में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## महाकुंभ में बड़ा हादसा, संगम के पास पलटी नाव

**प्रयागराज (उत्तरशक्ति)।** आस्था के महासमागम महाकुंभ मे लगातार श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। अब तक 10 करोड़ से भी अधिक श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। संगम किनारे श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए हर तरह के इंतजाम किए गए हैं। लेकिन शनिवार को संगम के किला घाट पर बड़ा हादसा हो गया। महाकुंभ में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की नाव अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। नाव में 10 लोग सवार थे। मौका रहते NDRF की टीम ने सूझबूझ का परिचय देते हुए नदी में छलांग लगा दी और सभी श्रद्धालुओं की जान बचा ली। महाकुंभ में स्नान करने आए श्रद्धालुओं की नाव जब अचानक अनियंत्रित होकर पलटी तो वहां अफरातफरी मच गई। लोग चीखने चिल्लाने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही वहां तैनात NDRF की टीम एक्शन मोड में आ गई और नदी में छलांग लगा कर सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित बचा लिया। नाव पर सवार लोगों में बिहार के रहने वाले औरव, संजय, पिंटू सिंहा, उमेश, अमरेन्द्र कुमार, सुरेश, विनोद और अजय कुमार सवार थे। वहीं मध्य प्रदेश के इंदौर के निवासी विकाश कुमार और उनकी पत्नी रीना भी सवार थीं। ये सभी लोग स्नान करने के लिए किला घाट से नाव पकड़ कर संगम जा रहे थे।

## मौनी अमावस्या के दिन करोड़ो श्रद्धालु करेंगे अमृत स्नान

**महाकुंभ नगर(उत्तरशक्ति)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को कहा कि महाकुंभ में 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान के दौरान प्रयागराज में 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के पवित्र संगम में डुबकी लगाने का अनुमान है। उसने कहा कि इस सिलसिले में भीड़ और यातायात के कुशल प्रबंधन के लिए व्यापक उपाय किए जा रहे हैं। कुंभ में स्नान सबसे महत्वपूर्ण अनुष्ठान है। वैसे तो मकर संक्रांति से शुरू होकर सभी दिन संगम में डुबकी लगाना पवित्र माना जाता है। फिर भी कुछ विशेष शुभ स्नान तिथियां हैं, जिन्हें 'अमृत स्नान' (जिसे पहले शाही स्नान कहा जाता था) के रूप में जाना जाता है। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या महाकुंभ में तीसरी ऐसी शुभ तिथि होगी। पहले दो दिन 13 जनवरी (पौष पूर्णिमा) और 14 जनवरी (मकर संक्रांति) थे, जबकि अगले महीने तीन और दिन होंगे - तीन फरवरी (बसंत पंचमी), 12 फरवरी (माघ पूर्णिमा) और 26 फरवरी (महाशिवरात्रि)। शुक्रवार को एक बयान में राज्य सरकार ने कहा कि अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि श्रद्धालु उसी सेक्टर या जोन से वापस लौटें जहां वे पहुंच थे और किसी भी परिस्थिति में श्रद्धालुओं को ह्यसंगम नोज या अन्य जोन' में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सरकार ने कहा कि सभी अतिरिक्त जिलाधिकारियों, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों, क्षेत्राधिकारी, उप-मंडल मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। राज्य सरकार ने कहा, महाकुंभ के सबसे महत्वपूर्ण पर्व के रूप में मौनी अमावस्या इस मेले की व्यवस्थाओं का केंद्र बिंदु है। इस वर्ष महाकुंभ को और अधिक भव्य और दिव्य बनाने के योगी आदित्यनाथ सरकार के प्रयासों के बीच प्रयागराज में रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की उम्मीद है।'' सरकार ने कहा, श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए 27 से 29 जनवरी तक विभिन्न क्षेत्रों, विशेषकर संगम नोज' पर आवागमन न्यूनतम करने के निर्देश जारी किए गए हैं।'' सरकार ने कहा कि श्रद्धालुओं के आसानी से आगमन और स्नान के लिए 12 किलोमीटर लंबा घाट तैयार किया गया है।




## नरेन्द्र विद्यालय में गणतंत्र दिवस की धूम



**कल्याण(उत्तरशक्ति)।** टाटा पावर स्थित देशमुख होम्स में नरेन्द्र हिन्दी हाई स्कूल, नरेन्द्र कान्वेंट इंग्लिश हाई स्कूल व नरेन्द्र जूनियर कालेज के प्रांगण में 76 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर विद्यालय के संस्थापक नरेन्द्र मिश्रा, मुख्य अतिथि प्राध्यापक जितेन्द्र शंकर पाण्डेय व संचालक श्रीकृष्ण कुमार मिश्रा के हाथों ध्वजारोहण किया गया। माँ सरस्वती की वंदना के उपरांत विद्यालय के बच्चों द्वारा शानदार देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्रांगण में उपस्थित दर्शकों ने बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए भरपूर तालियों का प्रतिसाद दिया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे शिक्षाविद, कवि, समाजसेवक व पत्रकार प्रा जितेन्द्र शंकर पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में छात्र- छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की भूरि- भूरि प्रसंशा करते हुए कहा, बच्चों को अब देशभक्ति व अच्छे संस्कार की शिक्षा भी नियमित पाठ्यक्रम के अनुसार दी जानी आवश्यक है। हमारी सबसे बड़ी अस्था हमारे देश के विकसित होने, आत्मनिर्भर होने व ताकतवर होनी चाहिए। विद्यालय के संचालक एस के मिश्रा जी विद्यालय को बडी. कुशलता से संचालित कर रहे हैं। इनके सारे सपने पूरे हों मेरा पूरा सहयोग आपके साथ साथ है। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक नरेन्द्र मिश्रा, चेतना हिन्दी हाई स्कूल के संस्थापक हुकुम सिंह, चेतना विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक राकेश मिश्रा, एड विरेंद्र दूबे, श्रीमती कृष्णावती देवी, प्रधानाचार्या प्रतिभा मिश्रा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षिका व छात्र- छात्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन सौ कंचन सिंह व कुमारी श्रद्धा शुक्ला ने किया। इसी कार्यक्रम में प्रतिभाशाली विद्यार्थियो को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय के दिग्दर्शक अनंत प्रसाद त्रिपाठी ने उपस्थित अतिथियों, शिक्षक- शिक्षिकाओं, छात्र- छात्राओं व कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## मुलुंड उत्कल संस्था द्वारा हरिनाम संकीर्तन एवं महाप्रभु जगन्नाथ के महाप्रसाद का भव्य आयोजन




**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** मुलुंड उत्कल संस्था द्वारा हरिनाम संकीर्तन एवं महाप्रभु जगन्नाथ के महाप्रसाद का भव्य आयोजन ब्रहमाडेश्वर मंदिर हॉल एवं महाप्रसाद का भव्य आयोजन मेहुल टॉकिज कंपाउंड, मुलुंड प. पर जगन्नाथपूरी से पधारे स्वामी अकिंचन महाराज के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मनोज कोटक (पूर्व सांसद), मुंबई कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष चरण सिंह सप्रा, महासचिव सुनील गंगवानी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. बाबूलाल सिंह, डॉ. आर. आर. सिंह, सचिव किशोर मुंडेकल, वरिष्ठ समाजसेवी नानजी भाई ठक्कर थानावाला, समिता कांबले (पूर्व नगरसेविका), उत्तम गीते (कार्याध्यक्ष जिला कांग्रेस), डॉ. सचिन सिंह (अध्यक्ष युवा ब्रिगेड असोसिएशन मुंबई), बंगाल समाज मुलुंड के अध्यक्ष पीनाक सारंगी, महासचिव अतुल कुमार डे, भगवान साबत (अध्यक्ष जगन्नाथ मंदिर साकीनाका), सूर्यमणि गौड़ा (अध्यक्ष जगन्नाथ मंदिर डोम्बिवली), मनीष तिवारी (अध्यक्ष मुलुंड भाजपा), पवार शाखा प्रमुख शिवसेना), कन्हैया लाल गुप्ता (अध्यक्ष मुलुंड राकांपा), विठ्ठल सातपुते, मैथ्यु चेरियन, मोहनलाल राज, राजन उटवाल (समाजसेवी) सहित कई गणमान्य लोगों नेउपस्थित होकर महाप्रभु के दर्शन व महाप्रसाद ग्रहण किये। अतिथियों का स्वागतआयोजक मंडल ने महाप्रभु जगन्नाथ जी की प्रतिमा प्रदान कर किया। इस अवसर पर मुंबई ठाणे पालघर से पधारे 15000 लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

## ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई कार, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**रायबरेली (उत्तरशक्ति)।** रायबरेली के भदोखर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह रायबरेली-प्रयागराज हाईवे पर सरिया लदी ट्रैक्टर-ट्राली से कार (क्वालिस) जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हुए। पुलिस का दावा है कि चार पहिया वाहन की रफ्तार अधिक थी। इससे चालक गाड़ी संभाल नहीं हो पाया और हादसा हो गया। हादसे में घायल एक महिला को एम्स के बाद लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। सभी मृतक एक ही परिवार से हैं। लखनऊ जिले के बलदेव बिहार तेलीबाग के रहने वाले नौ लोग मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में स्नान करने के लिए प्रयागराज जा रहे थे। हाईवे स्थित दरियापुर चौराहा पर सलोन से रायबरेली की तरफ सरिया लदी ट्रैक्टर-ट्राली आ रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार की रफ्तार तेज थी। सामने से आ रहे ट्रैक्टर-ट्राली को देखकर चालक को गाड़ी की रफ्तार धीमी करनी चाहिए थी। तेज रफ्तार होने के कारण ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। इससे कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास के लोगों ने आकर कार सवार लोगों को बाहर निकाला। सूचना पर पुलिस भी मौके पर आ गई। कार सवार घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने आशीष द्विवेदी (45), दीपेंद्र रावत (40), माया (45), रजनी (55) को मृत घोषित कर दिया। वहीं, अनुज त्रिपाठी (30), शुभम (25), प्रभा नेगी (55) के अलावा ललिता और शुभम को भर्ती कर लिया गया। घायल प्रभा नेगी की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें एम्स रेफर कर दिया। एम्स से प्रभा को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। कार मृतक आशीष चला रहे थे। सीओ सदर अमित सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्राली चालक को हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ की जा रही है। चालक सलोन का रहने वाला है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कराया जाएगा। कार की रफ्तार अधिक होने के चलते हादसा होने का अंदेशा जताया जा रहा है। जिस दरियापुर चौराहा पर यह हादसा, वहां पर अक्सर चहल-पहल रहती है। यह हादसा पलक झपते हुआ। वहां पर मौजूद लोग कैसे क्या हुआ, समझ ही नहीं पाए। शोरगुल की आवाज आई तो लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। चूंकि घटनास्थल से थाना कुछ ही दूरी पर है। ऐसे में थाना प्रभारी दयानंद तिवारी भी मौके पर आ गए।

## सरकारी भूमि पर मंदिर निर्माण और आंबेडकर प्रतिमा लगाने पर विवाद

**अलीगढ़(उत्तरशक्ति)।** अलीगढ़ महानगर से सटे थाना रोरावर क्षेत्र में गांव इब्राहिमपुर-भीमपुर में सरकारी भूमि पर मंदिर निर्माण और डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा लगाने के विवाद में दो वर्गों के लोग आमने-सामने आ गए। एक पक्ष ने मंदिर निर्माण शुरू करा दिया तो दूसरे पक्ष ने रविवार रात में आंबेडकर प्रतिमा लगा दी। पुलिस ने गांव में पहुंचकर मंदिर का निर्माण रुकवा दिया है। इस पर निर्माण करा रहे लोग आंबेडकर प्रतिमा को भी हटाने की मांग पर अड़े हैं। गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। प्रतिमा हटाए जाने की आशंका पर अनुसूचित जाति के लोग मौके पर प्रतिमा के चारों ओर घेरा बनाकर बैठे हुए हैं। चार थानों की पुलिस और अधिकारी देर रात तक गांव में डेरा डाले हुए हैं और लोगों को समझा बुझाकर प्रतिमा हटाने की कोशिश की जा रही है। मामले में देर रात मुकदमे दर्ज करने की भी तैयारी है। ग्राम पंचायत इब्राहिमपुर भीमपुर में दो स्थानों पर ग्राम समाज की खत्तों की जमीन खाली पड़ी है। एक जमीन पर बघेल समाज के लोगों ने सोमवार सुबह मंदिर का निर्माण कराने की कोशिश की, जिसकी अनुसूचित जाति पक्ष के लोगों ने पुलिस से शिकायत की और मंदिर निर्माण रुकवाने की मांग की। पुलिस ने निर्माण रुकवा दिया। इसी बीच रविवार देर रात अनुसूचित जाति पक्ष ने ग्राम समाज की दूसरी खाली पड़ी जमीन पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी। इससे सोमवार की सुबह दोनों पक्षों के बीच विवाद और बढ़ गया। बघेल पक्ष के लोग थाने पर पहुंच गए और डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा हटवाने की मांग की। सूचना पर चार थानों की फोर्स सहित नायब तहसीलदार सुरेंद्र गौतम और एसडीएम कोल दिग्विजय सिंह, तीन सीओ भी पहुंच गए। प्रतिमा हटाने का प्रयास किया तो अनुसूचित जाति पक्ष के लोग सुबह से डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा के चारों ओर बैठकर नारेबाजी और प्रदर्शन करने लगे। अधिकारियों के समझाने के बावजूद वह ग्राम समाज की जमीन से आंबेडकर प्रतिमा हटाने के लिए तैयार नहीं है। बसपा जिलाध्यक्ष सुरेश गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष रतन दीप सिंह, बिजेंद्र सिंह विक्रेम, शेष कुमार शर्मा, देवीलाल, प्रेम सिंह, योगेश कुमार, सुनील कुमार आदि भी मौके पर पहुंच गए। इन लोगों ने ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति को सामान्य करने का प्रयास किया। हालांकि बसपाइयों का कहना है कि एक दो दिन में वार्ता कर विवाद का निस्तारण कराया जाएगा। देर रात तक अनुसूचित जाति पक्ष के लोग प्रतिमा को घेरे बैठे थे। पुलिस मौके पर मौजूद थी।

## पुलिस मुठभेड़ में शातिर वाहन चोर गिरफ्तार किया गया

**जालौन (उत्तरशक्ति)।** एसओजी सर्विलांस व कोतवाली पुलिस की टीमों ने मुखबिर की सूचना पर जंगल में शातिर वाहन चोर की घेराबंदी की। पुलिस टीम को देखकर वाहन चोर ने तमंचे से फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगने पर पकड़ लिया। उसके पास से चोरी की 15 बाइकें तमंचा, कारतूस व अन्य उपकरण बरामद हुए हैं। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए वाहन चोर पर हमीरपुर, कानपुर देहात व जिले के कई थाना क्षेत्रों में 13 मामले दर्ज हैं। शहर कोतवाली क्षेत्र के फैक्ट्री एरिया में शातिर वााहन चोर के छिपे होने की सूचना पुलिस को मिली। सोमवार देर रात एसओजी सर्विलांस व कोतवाली पुलिस की टीमों ने औद्योगिक क्षेत्र गेट नंबर दो से तीस सौ मीटर आगे जंगल में घेराबंदी की तो वाहन चोर ने पुलिस टीम पर तमंचे से फायर कर दिया। पुलिस ने बचाव करते हुए जवाबी फायरिंग की। जिससे एक गोली वाहन चोर के पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम हमीरपुर जिले के कुरारा थाना क्षेत्र के रिठारी गांव निवासी नीरज बताया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का तमंचा, दो कारतूस, खोखा बरामद हुए। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की 15 बाइकें, दो पेचकस, दो प्लास, रिंच आदि उपकरण बरामद किए। घायल नीरज को पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार भी मौके पर पहुंच गए। एसपी ने बताया कि नीरज पर हमीरपुर, कानपुर देहात व जिले के कई थानों में 13 मामले विभिन्न धाराओं में पहले से ही दर्ज हैं।

## मौनी अमावस्या' पर स्टेशनों पर विशेष व्यवस्था लागू

**प्रयागराज(उत्तरशक्ति)।** महाकुंभ में 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के महापर्व पर प्रयागराज रेल मंडल के स्टेशनों पर विशेष व्यवस्था लागू की जाएगी। यह जानकारी सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान से मिली। बयान में कहा गया कि महाकुम्भ में अब तक 13 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। इसमें कहा गया है कि आगमी 29 जनवरी को महापर्व मौनी अमावस्या' पर ह्यअमृत स्नान' को लेकर तैयारी जारी है।

मौनी अमावस्या के पर्व पर 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए प्रयागराज रेल मंडल ने भी विशेष प्रबंध किये हैं। मौनी अमावस्या पर्व के दिन प्रयागराज रेल मंडल ने शहर के सभी स्टेशनों पर यात्रियों के आने और जाने के लिए विशेष योजना बनाई है। बयान के मुताबिक, 25 जनवरी से ही लगभग एक करोड़ यात्री प्रतिदिन महाकुम्भ में आने लगे हैं।

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते शहर के सभी स्टेशनों पर होगी विशेष व्यस्था

इतनी भारी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और उनकी सुगम निकासी के लिए प्रयागराज रेल मंडल ने शहर के सभी स्टेशनों के लिए विशेष योजना और कुछ प्रतिबंध लागू किये हैं। ये प्रतिबंध मौनी अमावस्या से एक दिन पहले और दो दिन बाद तक लागू रहेंगे। इसमें कहा गया है कि मौनी अमावस्या के स्नान पर्व के दिन प्रयागराज जंक्शन पर प्रवेश केवल सिटी की तरफ वाले दरवाजे से और प्लेटफॉर्म नं.-एक की ओर से दिया जाएगा।

निकास केवल सिविल लाइंस और प्लेटफार्म नंबर छह की ओर से होगा। आरक्षित यात्रियों, जिनका पहले से टिकट आरक्षित है, उन्हें सिटी की तरफ स्थित गेट नंबर पांच से अलग से प्रवेश दिया जाएगा। जबकि अनारक्षित यात्रियों को दिशावार कलर कोडेडे आश्रय स्थलों के माध्यम से प्रवेश कराया जाएगा। बयान के मुताबिक, टिकट के लिए आश्रय स्थलों में ही अनारक्षित टिकट काउंटर, ए.टी.वी.एम और मोबाइल टिकटिंग की व्यवस्था रहेगी। इसमें कहा गया है कि भीड़ के अतिरिक्त दबाव का प्रबंधन करने के लिए खुसरो बाग में एक लाख लोगों के ठहरने की व्यवस्था का इंतजाम किया गया है।

बयान के मुताबिक, मौनी अमावस्या पर्व पर नैनी जंक्शन में प्रवेश केवल स्टेशन रोड से और निकास केवल मालगोदाम की ओर से होगा। इसी तरह आरक्षित यात्रियों को गेट नंबर दो से अलग से प्रवेश दिया जाएगा, जबकि प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर प्रवेश केवल प्रयागराज-मिजार्पुर राजमार्ग को जोड़ने वाले सीओडी मार्ग से और निकास केवल जी.ई. सी नैनी रोड की ओर से होगा। आरक्षित यात्री गेट नंबर दो से प्रवेश करेंगे। सूबेदारगंज स्टेशन में प्रवेश झलवा, कौशाम्बी रोड की ओर से होगा जबकि निकास केवल जी.टी. रोड की ओर होगा। बयान में कहा गया है कि आरक्षित यात्री गेट नंबर तीन से प्रवेश करेंगे। इसमें कहा गया है कि अनारक्षित यात्रियों के लिए सभी स्टेशनों पर दिशावार ह्यकलर कोडेड' आश्रय स्थल बनाये गये हैं जहां से यात्रियों को उनके अलग-अलग रंग के टिकट के हिसाब से प्लेटफार्म पर पहुंचाया जाएगा।

## श्री वासुदेव फाउंडेशन झारखंड द्वारा रांची में आत्मनिर्भर प्रमाणपत्र वितरण



**रांची(उत्तरशक्ति)।** गत शनिवार को श्री वासुदेव फाउंडेशन झारखण्ड प्रदेश द्वारा संचालित बोकारो जिला के बेरमो प्रखंड अंतर्गत गोविंदपुर डी पंचायत (बोकारो थर्मल )के पंचायत भवन में ब्यूटीशियन प्रमाण पत्र वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दीप प्रज्वलित कर प्रदेश अध्यक्ष झारखंड विनय सिंह की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि का स्वागत दीपक कुमार के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया एवं मुखिया को अंग वस्त्र देकर सुनीता देवी के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती अनुपमा सिंह, ब्यूटीशियन प्रशिक्षण प्राप्त की हुई महिला एवं युवती को श्री वासुदेव फाउंडेशन का प्रमाण पत्र वितरण करके सम्मानित किया। कार्यक्रम में गोविंदपुर डी पंचायत की मुखिया श्रीमती चंदना मिश्रा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से फाउंडेशन के बेरमो प्रखंड अध्यक्षा सुनीता देवी, उपाध्यक्ष सुधा देवी शिक्षिका के रूप में प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राकेश सिंह, विनीता प्रसाद, सुषमा कुमारी, पम्मी सिंह उप मुखिया, वार्ड सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन दीपक कुमार सह मिडिया प्रभारी के द्वारा किया गया।

## एसडीएम के आश्वासन पर सभासदों का धरना समाप्त

**अम्बेडकरनगर।** बीते दिनों नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रहे एक युवक पर नौकरी दिलाए जाने के एवज में पैसा लेने व मारपीट को लेकर सोमवार को सभासदों ने मोर्चा खोल दिया। नगर पंचायत कार्यालय पर धरना देकर कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी की। उपजिलाधिकारी ने मौके पर पहुंच कार्रवाई का आश्वासन दिए तो धरना समाप्त हुआ।

नगर पंचायत सभासद प्रतिनिधि हबीबुर्रहमान का आरोप है कि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रहते हुए सुनील मौर्य को तीन लोगों की नौकरी दिलवाने के लिए 2,40,000 रुपये दिए थे। नौकरी नहीं मिली तो पैसा वापस करने के लिए बीते दिनों नरियांव बावली चौक के निकट स्थित अपने ऑफिस पर बुलाया था। वहां पहुंचने पर सुनील मौर्य तथा उनके सहयोगी महेंद्र यादव ने जान से मारने की नीयत से उन पर हमला बोल दिया।

पुलिस ने दोनों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया था। मामले में दोनों लोगों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अध्यक्ष सुनीता देवी की अगुवाई में लामबंद हुए सभासदों ने पुलिस के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया और धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी। इसके बाद पुलिस ने महेंद्र यादव को तो गिरफ्तार कर शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया। लेकिन सुनील की गिरफ्तारी नहीं की। इसी मामले में सुनील के करीबी शनी सिंह को भी पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## जर्जर मार्ग के विरोध में सड़क पर उतरे सपा विधायक

**अमिलो।** दाऊदपुर-चिवटहीं जर्जर संपर्क मार्ग के विरोध में सोमवार को सपा विधायक अखिलेश यादव ने समर्थकों के साथ सड़क पर प्रदर्शन किया। इसके पहले उन्होंने पीडीए की बैठक कर सरकार के खिलाफ हुंकार भरी और फिर पीडीए पदयात्रा निकाली।

सड़क न बनने पर पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर का घेराव करने की चेतावनी दी। विधायक अखिलेश यादव ने कहा कि मुबारकपुर रेशमी नगरी के पश्चिमी छोर पर दो विधानसभा क्षेत्रों मुबारकपुर और सदर को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग गड्ढों में तब्दील हो चुका है। इससे लोगों के आवागमन में परेशानी हो रही है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के जेई शिवकुमार गुप्ता को ज्ञापन सौंपा और कहा कि सड़क की मरम्मत, नवीनीकरण के लिए एक सप्ताह में कोई कारगर कदम नहीं उठाया गया तो लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता का घेराव किया जाएगा। बैठक में ओमप्रकाश राय, पूर्व मंत्री रामदुलारे राजभर, अब्दुल्लाह, शोभनाथ यादव, विरेंद्र यादव, सना परवीन, जयराम यादव, जियाउल्लाह अंसारी आदि मौजूद थे। निजामाबाद। सपा विधायक आलमबदी के नेतृत्व में दोपहर 11 बजे निजामाबाद क्षेत्र में जुलूस निकाला गया। जुलूस निजामाबाद नई सड़क से होते हुए नारेबाजी करते हुए क्षेत्रीय विधायक के नेतृत्व में नंद नगर बाजार पहुंचा। जहां डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर क्षेत्रीय विधायक आलमबदी विधायक ने माल्यार्पण किया, उसके बाद नारेबाजी की और तहसील मुख्यालय के पास पहुंचकर बैठक की।




## काशी विद्यापीठ में एक फरवरी से होंगी परीक्षाएं, शेड्यूल जारी




**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से संबद्ध पांच जिलों के कॉलेजों में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं की तिथि तय कर दी गई है। एक फरवरी से शुरू होकर 28 फरवरी तक चलने वाली परीक्षा में करीब दो लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। विश्वविद्यालय की ओर से समय-सारिणी जारी करने के साथ ही जिलेवार बनाए गए नोडल केंद्रों पर कॉपियों सहित अन्य कागजात भिजवाए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय की ओर से प्रवेश की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही अब संकायों, विभागों में कक्षाएं भी शुरू हो गई है। नई शिक्षा नीति के तहत कॉलेजों में चलने वाले कोर्स बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा का पूरा कार्यक्रम तय हो चुका है।वाराणसी के साथ ही भदोही, चंदौली, सोनभद्र, मिजार्पुर में इसके लिए 200 से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक दीप्ति मिश्रा ने बताया कि सुबह 10 बजे से 12 बजे तक करवाई जाने वाली परीक्षा के लिए केंद्राध्यक्षों को विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। सभी केंद्रों पर कॉपियां सहित परीक्षा संबंधी अन्य अभिलेख भी भिजवाए जा रहे हैं। परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से समय-सारिणी के बारे में जानकारी ले सकते हैं।

## आयुर्वेद औषधालय में झंडा रोहण किया



**उदयपुरवाटी।** कस्बे के 3 नंबर चुंगी पर स्थित राजकीय आयुर्वेद औषधालय एवं वैलनेस सेंटर पर चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ.राजेंद्र कुमावत ने झंडा रोहण किया तथा सामूहिक रूप से उपस्थित जनों ने राष्ट्रगीत भी गया।इस अवसर पर पार्षद शीशपाल सैनी व महेंद्र माली द्वारा लडडू वितरण किए। इस मौके पर रवि कुमार माली,राकेश कुमावत,धारासिंह कंपाउडर, योग प्रशिक्षक विकास कुमावत,ममता भोंकल,विवेक कुमार,रहीम,मुकेश वजीर तेली,राजू व नरेंद्र कुमावत उपस्थित रहे।

## द ओरिजिनल साउंड ऑफ जनरेशन लार्ज का आयोजन

ठाणे। सीग्राम्स रॉयल स्टैग बूमबॉक्स झ्र यह अनुभवात्मक म्यूजिक फेस्ट मुंबई में आ गया है, जिसमें अरमान मलिक, निकिता गांधी, इक्का और डीजे योगी का धमाकेदार परफॉर्मेंस होगा। यह संगीत और युवा संस्कृति का एक रंगीन उत्सव है, जो 'लिविंग इट लार्ज' की भावना को जीवंत करता है। 1 फरवरी 2025 को टीएमसी ग्राउंड, आनंद नगर, ठाणे में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। रॉयल स्टैग बूमबॉक्स - द ओरिजिनल साउंड ऑफ जनरेशन लार्ज - आपके लिए ठाणे, मुंबई में एक अनोखा संगीत अनुभव लेकर आ रहा है, जो बॉलीवुड के दिल को छू लेने वाले गानों और हिप-हॉप की जोशीली ऊर्जा को साथ लाता है। यह खास फेस्टिवल संगीत, गेमिंग, कला और पॉप-कल्चर के विभिन्न अनुभवों के माध्यम से युवा संस्कृति का जश्न मनाता है। तो आइए, अरमान मलिक, निकिता गांधी, इक्का और डीजे योगी के धमाकेदार परफॉर्मेंस के साथ रॉयल स्टैग बूमबॉक्स की जादूगरी का अनुभव करें।

## आरक्षण की जगह पर बनाए गए अवैध रूम, मनपा की तोड़क कारवाई



मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)। मीरा भायंदर काशीमीरा में मनपा प्रभाग क्रमांक 6 द्वारा तोड़क कारवाई किया गया। यह कारवाई गत 27 अक्टूबर 2025 को मासाचा पाड़ा रोड स्थित आरक्षण क्र. 364 पर बसे हुए बस्ती पर किया गया। ज्ञात हो कुछ साल पहले ही मनपा द्वारा तोड़क कारवाई किया गया था। यह जगह आरक्षण क्रमांक 364 पर पहले से ही विवादों एवं चर्चा का विषय रहा है। जिस पर फिर से दोबारा झोपड़े और रूम का निर्माण किया गया था। जिसमें ईंट से बने अवैध रूम 08 तथा बांस और तिरपाल की सहायता से बने 32 घरों पर मनपा की अतिक्रमण विभाग,व पुलिस प्रशासन, एमएसएफ के जवानों, इंजीनियर अजीत पेंडारे, इंजीनियर रोहन साबले, वो प्रभाग कर्मचारीयों द्वारा तोड़क कारवाई किया गया।

## पार्कसाईट मे नव दिवसीय श्रीराम कथा एवं भंडारा संपन्न



मुंबई। विक्रोली पश्चिम स्थित पार्क साईट हनुमानगर के वीर हनुमान मंदीर पर विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी मंदीर के महंत दयाराम दास के आशीर्वाद से ॐ श्री नारायण सत्संग समिति द्वारा आयोजित नव दिवसीय बाल्मीकि रामायण श्रीराम कथा का भव्य कार्यक्रम एवं हवन यज्ञ सफलता पूर्वक संपन्न किया गया। कथा के दौरान माताएं,बहनों के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया और दसवीं, बारहवीं मे उत्तीर्ण हुए बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कथा पूणार्हुति के उपलक्ष्य मे 27 जनवरी को महाप्रसाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमे दूर दराज आस पास के लगभग हजारों की संख्या मे सभी भक्तों ने खूब भंडारे का लाभ लिया। समिति अध्यक्ष अरविंद शुक्ल, उपाध्यक्ष प्रीतम यादव बब्लु, सचिव निलेश तिवारी, कोषाध्यक्ष अजय पांडेय, प्रवक्ता विमलेश मिश्र, डॉ चंद्रकेश विश्वकर्मा, संजय पांडेय, झुलई विश्वकर्मा, संजय मिश्र, गुड्डू दुबे, हरिनारायण यादव, सुनील ठाकुर, श्यामनारायण शर्मा, ओमप्रकाश मिश्र, धीरेंद्र उपाध्याय, वरुण चौबे, महेश सिंह, दिनेश गुप्ता, बच्चन गुप्ता, प्रदीप पांडेय, राहुल सिंह, बोधनाथ पाल, विनोद मिश्र, अभय तिवारी, राजेश तिवारी, मुकुंद तिवारी, योगेश तिवारी, देविदिन पांडेय, सुनील दुबे आदेश मिश्र,एवं कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी, महिला कार्यकर्ता, सहित वीर हनुमानमंदीर के सेवाधारी आस पास के रहीवासी तथा पूरी कार्यकारिणी के लोगों के अथक प्रयास से कार्यक्रम सुचारु रूप से सम्पन्न हुआ। समिति ने सभी अन्नदाताओं तथा तन मन धन से सहयोग करने वालों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रगट करतें हुए आभार व्यक्त किया है।

## बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकताः डॉ. मुकेश बत्रा

मुंबई। केंद्रीय बजट 2025-26 प्रस्तुत किया जाने वाला है, विभिन्न क्षेत्रों संगठनों की ओर से बजट पर अपनी मांगे रखी जा रही हैं, इसी क्रम में स्वास्थ्य क्षेत्र से डॉ. बत्राज ग्रुप के फाउंडर और चेयरमैन डॉ. मुकेश बत्रा ने बात रखते हुए कहा, ?सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज में अंतर को पाटने और सभी नागरिकों को समान पहुंच प्रदान करने के लिए बजट में स्वास्थ्य सेवा के लिए एक परिवर्तनकारी व्यापक दृष्टिकोण होना आवश्यक है? डॉ. बत्राज के डॉ. मुकेश बत्रा ने आगे कहा,इस परिवर्तन का एक प्रमुख घटक वैकल्पिक चिकित्सा है, जो रोगी सशक्तीकरण, जीवनशैली में संशोधन और रोकथाम पर जोर देते हुए एक व्यापक रणनीति प्रदान करता है। ये प्रथाएँ जीवनशैली संबंधी बीमारियों के बोझ को कम करके समग्र कल्याण को बढ़ा सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एक व्यापक एजेंडा बनाने की आवश्यकता है जो स्वास्थ्य देखभाल बीमा, चिकित्सा आपूर्ति और चिकित्सा पर्यटन में निवेश के साथ शहरी और ग्रामीण आबादी को व्यापक स्तर पर कवर करे।उन्होंने बजट आवंटन में मेट्रो शहरों से आगे छोटे शहरों और गांवों तक स्वास्थ्य सेवा का विस्तार किए जाने पर जोर दिया, और देश के लिए एक ऐसा स्वास्थ्य सेवा मॉडल पेश करने पर जोर दिया जिसमें परंपरा और नवाचार, रोकथाम और उपचार का संयोजन हो।आज स्वास्थ्य सेवा को प्राथमिकता देकर, हम एक सशक्त और समावेशी कल की नींव में निवेश करते हैं।

## वाइब्रेंट बिल्डकॉनने उद्योग विकास को बढ़ावा देने के लिए एक्सपो का आयोजन

मुंबई। बहुप्रतीक्षित वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025, भारत का सबसे बड़ा बिल्डिंग मटेरियल एक्सपो, 13 से 16 अप्रैल, 2025 तक प्रतिष्ठित यशोभूमि प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित होने वाला है। 50,000 वर्ग मीटर के विशाल क्षेत्र में फैले इस एक्सपो में 150,000 से अधिक घरेलू आगंतुक और 2,000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय खरीदार आएंगे, जिससे वैश्विक सहयोग और व्यापार विकास के लिए एक गतिशील मंच तैयार होगा। नवाचार और उत्कृष्टता का प्रदर्शन वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 के ब्रांड एंबेसडर बॉलीवुड आइकन सुनील शेट्टी इस उल्लेखनीय पहल को अपना समर्थन दे रहे हैं, और उद्योग के लिए इसके महत्व पर जोर दे रहे हैं। वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 में 600 से अधिक प्रदर्शक भाग लेंगे, जिनमें से प्रत्येक भवन निर्माण सामग्री में अत्याधुनिक नवाचारों को सामने लाएगा। टिकाऊ समाधानों से लेकर डिजिटल निर्माण तकनीकों तक, यह एक्सपो इस क्षेत्र में भारत की प्रगति का प्रदर्शन होने का वादा करता है, जो वैश्विक मानकों और मांगों को पूरा करने में देश की प्रगति को दशार्ता है। भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा भारत सरकार, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग द्वारा समर्थित, वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 को 'वन नेशन वन एक्सपो' के रूप में देखा गया है, जो भवन निर्माण सामग्री उद्योग के भविष्य में एक ऐतिहासिक आयोजन बनने का वादा करता है। भारत सरकार, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग द्वारा समर्थित, वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 स्थानीय विनिर्माण और नवाचार पर जोर देता है। इस आयोजन का उद्देश्य भारत की जीडीपी वृद्धि में तेजी लाना और निर्यात के अवसरों का विस्तार करना है, विशेष रूप से हार्डवेयर, सिरेमिक, लेमिनेट और पेंट क्षेत्रों में।

# प्रजापति समाज मुंबई का 45वां वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित






मुंबई(उत्तरशक्ति)। प्रजापति समाज मुंबई का 45वां वार्षिक उत्सव कार्यक्रम विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवीं मुंबई के एरोली सेक्टर एक स्थित प्यारेलाल प्रजापति हाल में संपन्न हुआ। मुंबई के विभिन्न क्षेत्रों से स्वजातीय बंधुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। मुख्य अतिथि के रूप में राजेश प्रजापति बी.ई. गोल्ड मेडलिस्ट सीएमडी प्रजापति कंस्ट्रक्शन लिमिटेड व शैलेश घेड़िया सी.ए. बीजेपी मुंबई प्रोफेशनल सेल प्रेसिडेंट मौजूद रहे। अतिथि के रूप में डॉक्टर रामलाल प्रजापति के.एम. हॉस्पिटल मुंबई, डा. कन्हैयालाल कुंभार, डॉ शाशिकला प्रजापति, रामचंद्र प्रजापति व्यवसायी, लालचंद प्रजापति, विजय कुमार प्रजापति सीए, अरुण कुमार प्रजापति सीएमडी निशा इंजीनियरिंग पुणे, राजेश प्रजापति सीएमडी प्रजापति फाउंड्री पुणे, प्रोफेसर श्याम प्रजापति, उषा प्रजापति सीए, आशा प्रजापति सीए, प्रोफेसर जगदीश प्रजापति वाइस प्रिंसिपल, संजय राजे एडिटर कुंभश्री पत्रिका, मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन नंदकिशोर प्रजापति व्यवसायी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि राजेश प्रजापति ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी समाज को आगे बढ़ाने के लिए मेहनत और शिक्षा की आवश्यकता होती है। प्रति व्यक्ति को अपने उद्देश्य पर ध्यान देते हुए सतत आगे बढ़ाने हेतु संघर्ष करते रहना चाहिए। वहीं शैलेश घेड़िया ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा के साथ-साथ एकता की जरूरत होती है जब तक हम एकत्रित होकर अपने समाज के लोगों को सहयोग नहीं करेंगे तब तक समाज आगे नहीं बढ़ सकता है। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। जहां पर लोगों ने तालिया की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साह वर्धन किया। संस्था की तरफ से होनहार बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यकारी अध्यक्ष शरद प्रजापति ने संस्था के कार्यों और उसके उद्देश्यों का विस्तार से वर्णन किया। इस अवसर पर तमाम सामाजिक कार्यकताओं के साथ-साथ सी.पी. प्रजापति प्रजापति विकास मंडल नवीं मुंबई, रमेश प्रजापति एपीके समाज मुंबई, राजेंद्र प्रसाद प्रजापति प्रजापति सेवा संघ मुंबई अपने सहयोगियों के साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रजापति समाज मुंबई के सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने तन मन धन से अपना सहयोग प्रदान किया। अंत में प्रजापति समाज मुंबई के अध्यक्ष प्रोफेसर राम जन्म प्रजापति ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन धर्मराज प्रजापति द्वारा किया गया।

## आर्या ओमनीटॉक की अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से फ्लीट प्रबंधन में क्रांति

मुंबई। टेलीमैटिक्स उद्योग में २० से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ, आर्या ओमनीटॉक ने अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखी है। लॉजिस्टिक्स और परिवहन क्षेत्र में जीपीएस के साथ आईओटी का उपयोग बढ़ गया है। इस में कई चुनौतियां सामने आ रही है। ऐसे में आर्या ओमनीटॉक जैसी विश्वसनीय जीपीएस सोलुशन प्रदान करनेवाली कंपनी अद्वितीय काम कर रही है। चाहे वह ट्रकिंग और लॉजिस्टिक्स हो, खतरनाक रसायनों और खराब होने वाले खाद्य पदार्थों का परिवहन, कर्मचारी परिवहन, सामान की कुशल डिलीवरी,इन सबमें आर्या ओमनीटॉक के जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस और सास-आधारित फ्लीट मैनेजमेंट पारंपरिक ट्रैकिंग से परे है। कंपनी के सोलुशन फ्लीट (बेड़े) संचालन को अनुकूलित करने, सुरक्षा में सुधार करने और ग्राहकों को अधिक रिटर्न देने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

## भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर अमर रहें' के नारे से गूंज उठा कलेक्ट्रेट जौनपुर



जौनपुर। सामाजिक संगठन भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति द्वारा भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर की 101वीं जयंती पर समाज को जागरूक व संगठित करने हेतु जन जागरण यात्रा संगठन के केंद्रीय कार्यालय समसपुर खपरहा से शुरू होकर कलेक्ट्रेट जौनपुर में संपन्न हुई। जन जागरण यात्रा के कई पड़ाव रहे, यात्रा प्रात 10:00 बजे संस्था कार्यालय समसपुर खपरहा स्थित जननायक कपूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके प्रारंभ हुई।200 मोटरसाइकिलों व 10 चारपहिया वाहनों के साथ जननायक की 101वीं जयंती पर निकली जन जागरण यात्रा जिसका आगाज संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा व जिलाध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से तिरंगा झंडा दिखा कर किया। उसके बाद क्रमशःकलेक्ट्रेट पहुंचने से 500 मीटर पूर्व जन जागरण यात्रा, पदयात्रा में परिवर्तित हो गई जिसमें हजारों लोग सम्मिलित थे। कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी जौनपुर के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन देने से पूर्व ज्ञापन पढ़कर सुनाया गया। कपूरी ठाकुर अमर रहें के जोरदार नारों से संपूर्ण कलेक्ट्रेट परिसर गुंजायमान रहा। उपस्थित लोगों में प्रमुख रूप से जौनपुर प्रभारी प्रेमशंकर शर्मा, जिला भदोही प्रभारी लक्षणधारी शर्मा, जिला अध्यक्ष भदोही कैलाश शर्मा,पंचम राम शर्मा,अशोक शर्मा, सैलून संघ अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा,सुजानगंज ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश शर्मा मौजूद रहे।

## वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित को किया सम्मानित



वसई रोड। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी माटुंगा मुंबई में खालसा कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स (ऑटोनॉमस) द्वारा आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम में वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने भाग लिया। जिसमें कार्यक्रम की शुरूआत दीप जलाकर की गई। इस अवसर पर कॉलेज की ओर से स्नेहा दुबे पंडित को सम्मानित किया और स्नेहा दुबे पंडित ने सम्मानितकरने के लिए धन्यवाद किया साथ ही विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन किया। मौके पर प्राचार्य डॉ.रश्मि जोशी, उप प्राचार्य। अनिता जी, एचओडी डॉ. प्रिय देवयानी, जयेश पाटिल, प्रमोद राऊत, कुणाल पवार, डॉ. मंगल चव्हाण, डॉ. संदीप नलावडे एवं अन्य गणमान्य नागरिक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## इसुजु मोटर्स इंडिया ने 4 नए टच पॉइंट्स का शुभारंभ किया



मुंबई। जापान की इसुजु मोटर्स लिमिटेड की सहायक कंपनी, इसुजु मोटर्स इंडिया ने पूरे भारत में अपनी मौजूदगी को बढ़ाने का सिलसिला जारी रखते हुए चार नए टच पॉइंट्स का उद्घाटन किया है। इसमें मध्य प्रदेश के इंदौर और बिहार के पटना में दो नए 3र (सेल्स, सर्विस एवं स्पेयर्स) डीलरशिप के साथ-साथ तेलंगाना के खम्मम तथा महाराष्ट्र के रत्नागिरी में दो नए ऑथराइज्ड सर्विस सेंटर्स (एएससी) शामिल हैं। इन नए टच पॉइंट्स के शुभारंभ के साथ, पूरे भारत में इसुजु का नेटवर्क 72 स्थानों तक फैल चुका है, जिससे यह जाहिर होता है हम अपने ग्राहकों के करीब रहने, उनकी संतुष्टि सुनिश्चित करने और स्वामित्व का सहज अनुभव प्रदान करने के अपने संकल्प पर कायम हैं।

इसुजु मोटर्स इंडिया ने इंदौर में सागर इसुजु तथा बिहार में इम्पीरियल इसुजु के साथ साझेदारी की है। इस तरह कंपनी ने बिहार में इसुजु ब्रांड का विस्तार किया है। कंपनी ने सेवाओं की उपलब्धता और ग्राहक संबंधों को बेहतर बनाने के लिए तेलंगाना के खम्मम तथा महाराष्ट्र के रत्नागिरी में नए एएससी का भी उद्घाटन किया है। खम्मम एएससी का संचालन बियॉन्ड ऑटो केयर द्वारा किया जा रहा है, जबकि रत्नागिरी एएससी का संचालन श्राइन इसुजु द्वारा किया जा रहा है। श्राइन इसुजु कोल्हापुर में भी एक 3र फैसिलिटी का संचालन करता है। इन सभी फैसेलिटीज को इसुजु डीलरशिप के मानकों के अनुसार तैयार किया गया है और यहाँ के सभी कर्मचारियों को बेहतरीन ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए इसुजु के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। इसुजु मोटर्स इंडिया के प्रेसिडेंट एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, राजेश मित्तल ने नेटवर्क के विस्तार पर अपनी राय जाहिर करते हुए कहा,

हमने अपने नेटवर्क का लगातार विस्तार किया है जो इसुजु ब्रांड की प्रगति को दशार्ता है, और इससे जाहिर होता है कि हम अपने ग्राहकों को बिल्कुल अलग अनुभव प्रदान करते हुए उनके करीब रहने के इरादे पर अटल हैं। इसुजु मोटर्स इंडिया के डिप्युटी मैनेजिंग डायरेक्टर, तोरु किशिमोतो ने कहा, ?इसुजु में, हम ग्राहकों के स्वामित्व के सफर में उनकी खुशी को सबसे ज्यादा अहमियत देते हैं। इन नई फैसेलिटीज के शुभारंभ से अपने ग्राहकों को सहज तरीके से और निजी जरूरतों के अनुरूप सेल्स एवं सर्विस की सुविधा उपलब्ध कराने का हमारा संकल्प और मजबूत हुआ है।

## प्रयागराज महाकुंभ मंगलकारी है : पूज्य राजन महाराज



भाईंदर (उत्तरशक्ति)। पूज्यश्री प्रेमभूषण जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त श्रीरामकथा वाचक पूज्य राजन जी महाराज के व्यासत्व और धर्मज्योति प्रचार सेवा संस्थान के आयोजकत्व में भाईंदर पूर्व जैसलपार्क चौपाटी पर स्थित बालाजी ग्राउंड में 25 जनवरी से 2 फरवरी तक चल रही नौ दिवसीय श्रीरामकथा में देश में सामाजिक विषमता फैलाने वालों को पूज्य राजन महाराज ने फटकार लगाते हुए कहा कि, राजनीति के कारण शूद्र को चतुर्थ श्रेणी में डाल कर नीच बना दिया गया। जबकि, शूद्र नीच कभी नही था। भगवान के चरणों से प्रगट होकर गंगा जी पतित पावनी हो गयीं तो उन्ही चरणों से प्रगट होकर शूद्र अछूत और नीच कैसे हो सकता है। शूद्र सर्वकाल पवित्र होता है। क्योंकि पूजा भगवान के चरण की ही होती है। अतः सामाजिक एकता को बनाये रखिए नही तो अपने को उच्च मानने वालों को कोई ऊंचा कहने वाला नही बचेगा। राष्ट्र, धर्म और समाज के शत्रुओं के इस षड्यंत्र को विफल और पराजित करने के लिए समाज में आपसी एकता को बनायें रखें, शूद्र अछूत नहीं होता भगवान की भक्ति न करने वाला व्यक्ति अछूत होता है। इस समय लोकप्रियता के चरम पर चल रहे राजन महाराज के भजन. राजा जी खजनवा दे द, को सुनकर पंडाल में उमड़ा जन सैलाब मस्ती में नृत्य करने लगा, भगवान को पाने वाला जगत के साथ स्वयं भी खो जाता है। राजन महाराज ने भक्ति का उत्तम सिद्धांत बतलाते हुए कहा कि,अपने जीवन की भक्ति साधना को सदैव छुपा कर रखना चाहिए, महाकुंभ में व्यर्थ की खबरों को प्रचारित करने वाले पत्रकारों को निवेदित करते हुए पूज्य राजन जी ने कहा कि अमृत महाकुंभ में सनातन धर्म के सार तत्व को लेकर उपस्थित साधु संतों, महापुरुषों से दुनिया का परिचय करवाइये जिससे लोकमंगल होगा। अयोध्या से गुरू विश्वामित्र के साथ भगवान लक्ष्मण जी सहित बक्सर पहुँच कर ताड़का सहित सभी आसुरी शक्तियों का वध करके यज्ञ रक्षा करते हैं, इस मानस महोत्सव में मुख्य यजमान अनूप दान बहादुर सिंह, आयोजन संस्थान के अध्यक्ष नवीन रामधारी सिंह के साथ उनके सभी साथियों का उत्साह देखते ही बनता है। इस रामकथा में पूर्व विधायक गीता जैन, सुधाकर सिंह ?बिसेन, शैलेश ठाकुर, दिनेशप्रताप सिंह, विनय चौबे, सरिता चौबे, श्रीमती अशोका तिवारी, सुधा दूबे आदि श्रद्धालुओं ने उपस्थित रह कर अपना पुण्यवर्धन किया।

## 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम




यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मण्डल ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए बैंक के लेखों का आज अनुमोदन किया है.

सशक्त वित्तीय कार्यनिष्पादनः वित्तीय वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के दौरान बैंक के निवल लाभ में वर्ष दर वर्ष आधार पर 28.24% की वृद्धि हुई है. वित्तीय वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के दौरान बैंक के गैर-ब्याज आय में वर्ष दर वर्ष आधार पर 17.02% की वृद्धि हुई है.

बैंक ने सशक्त देयता अंश दशार्ना जारी रखा हैः वैश्विक जमाराशि में वर्ष दर वर्ष 3.76% की वृद्धि हुई है. 31 दिसंबर, 2024 तक बैंक के पास कुल जमाराशि आधार ?12,16,562 करोड़ है. कारोबार संवृद्धि में गतिः बैंक के कुल कारोबार में वर्ष दर वर्ष 4.70% की वृद्धि हुई है, जिसमें सकल अग्रिमों में वर्ष दर वर्ष आधार पर 5.94% की वृद्धि हुई है और कुल जमाराशि में वर्ष दर वर्ष आधार पर 3.76% की वृद्धि हुई है. 31 दिसंबर, 2024 तक बैंक का कुल कारोबार ? 21,65,726 करोड़ है. रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई (रैम) क्षेत्र में संवृद्धिः बैंक के रैम क्षेत्र में वर्ष दर वर्ष आधार पर 9.26% की वृद्धि हुई है, जहां वर्ष दर वर्ष आधार पर रिटेल में 16.36% की वृद्धि, कृषि में 4.34% और एमएसएमई अग्रिमों में 6.34% की की वृद्धि हुई है. घरेलू अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में, रैम अग्रिम 56.69% है. एनपीए में कमीः 31 दिसंबर, 2024 को कुल एनपीए (%) वर्ष दर वर्ष आधार पर 98 बीपीएस की सुधार के साथ 3.85% रहा तथा निवल एनपीए (%) वर्ष दर वर्ष आधार पर 26 बीपीएस की सुधार के साथ 0.82% रहा है.

सशक्त पूंजी अनुपातः 31 दिसंबर, 2023 को सीआरएआर 15.03% के सापेक्ष दिनांक 31 दिसंबर, 2024 को सुधार के साथ 16.72% रहा. सीईटी 1 अनुपात दिनांक 31 दिसंबर, 2023 के 11.71% के सापेक्ष 31 दिसंबर, 2024 को सुधार के साथ 13.59% रहा. प्रतिलाभ में सुधारः वित्तीय वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के दौरान बैंक का आस्तियों पर प्रतिलाभ वर्ष दर वर्ष आधार पर 23 बीपीएस की सुधार के साथ 1.30% एवं इक्विटी पर प्रतिलाभ वर्ष दर वर्ष आधार पर 50 बीपीएस की सुधार के साथ 17.75% रहा.

## बिंद समाज विकास संघ महिला प्रकोष्ठ ने मनाया गणतंत्र दिवस




सुरत। रविवार को जय मां अंबे ब्यूटी पार्लर प्लॉट नंबर 8 देवेंद्र नगर बमरौली पांडेसरा सूरत महानगर, बिंद समाज विकास संघ महिला प्रकोष्ठ समिति ने बड़ी धूमधाम से झंडा रोहण कर गणतंत्र दिवस मनाया गया। उपस्तिथ लोगो से जय हिंद जय भारत, भारत माता की जय, के नारों से आस पास का वातावरण गूंज उठा। सभी देश के वीर सपूतों, शाहिद जवानों, को याद किया गया। सूरत महिला जिला अध्यक्ष बिंदु बिंद ने अपने विचारों को रखते हुए। कहा कि महिला मे वह शक्ति होती है की वह ऐतिहासिक बदलाव कर सकती है। इस पर्व के शुभ अवसर पर गुजरात के अलग अलग क्षेत्रो से संघ के पदाधिकारी व सदस्य गण हिस्सा लिए। कार्यक्रम मे संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से देश के प्रति शहीद सेनानियों को याद किया गया।

## आयुष से हुए कई लोग लाभान्वित



उदयपुरवाटी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य चिकित्सा शिविर के फॉलोअप कैंप में मंगलवार को ब्लॉक आयुष चिकित्सालय के तीनों वर्ग की चिकित्सा लाभ आए हुए रोगियों को मिला।जानकारी देते हुए आयुर्वेद वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ.राजेंद्र कुमावत ने बताया कि होम्योपैथ से डॉ.नेहा सैनी व नर्स सुशीला कुमारी ने सेवा दी तो यूनानी के डॉ.जाबिर खान व महेंद्र कुमार उपस्थित रहे और डॉ राजेंद्र कुमावत,डॉ परमानंद शर्मा,व कंपाउडर राजकुमार ने आयुर्वेद की दवा रोगियों को दी गई।आयोजित हुए इस शिविर से 60 रोगी लाभान्वित हुए व 5 को परामर्श दिया है। योग प्रशिक्षक विकास कुमावत व ममता भोंकल ने उपस्थित जनों के बीच योग की प्रस्तुति दी व योग से मिलने वाले फायदों के बारे में बताया।

## चम्पागढ़ में गौशाला की जमीन पर दबंगों का कब्जा

### भूमि आवंटित होने के बाद भी नहीं हो पा रहा हैगौशाला का निर्माण



-सन्दीप कुमार सोनी ब्यूरों

रीवा(उत्तरशक्ति)। जनपद में आवारा पशुओं एवं जंगली रोझ के आतंक से किसान परेशान है। जिसे देखते हुए शासन प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायतों में गौशाला बनाने की मुहिम चालू की गई ताकि किसानों को पशुओं के आतंक से निजात मिल सके और किसान अपनी खेती अच्छे ढंग से कर सके। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत चम्पागढ़ में शासन द्वारा अराजी नंबर 986 शासकीय भूमि पर गौशाला बनाने हेतु जमीन आवंटित की गई। लेकिन आरोप है कि भू-माफिया गौशाला का निर्माण नहीं करने दे रहे है। गौशाला अधूरा पड़ा हुआ है। जब भी सरपंच काम लगाने जाते है दबंगो द्वारा मजदूरों को भगा दिया जाता है। हकीकत क्या है ये तो जांच के उपरांत ही मामला सामने आ सकता है। वहीं गौशाला नही होने से आवारा पशु किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा रहे है। ग्रामीणों और सरपंच ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगो द्वारा गौशाला का निर्माण कार्य नही करने दे रहे है। स्थिति यह है कि इस गौशाला भूमि के अधिकांश भाग को दबंगों ने अपने खेतों में शामिल कर लिया जिस पर वे खेती कर रहे हैं। वहीं कुछ जमीन पर अस्थाई निर्माण कर रखा है।

## डाबर ने 100 प्रतिशत शुद्ध एलो वेरा जैल लॉन्च किया

मुंबई। भारत की अग्रणी नैचुरल हेल्थ एवं पर्सनल केयर कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने 100% शुद्ध एलो वेरा जैल के लॉन्च की घोषणा की है। हायएल्युरोनिक एसिड के गुणों से भरपूर नया डाबर एलो वेरा जैल विज्ञान के इनोवेशन के साथ प्राकृतिक रूप से त्वचा की देखभाल करता है और उपभोक्ताओं की स्किनकेयर संबंधी जरूरतों को पूरा करने में कारगर है। डाबर इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग हैड-स्किन केयर श्री विराट खन्ना ने कहा, एलो वेरा को सदियों से भरोसेमंद प्राकृतिक औषधि माना जाता है और डाबर में हमने हायएल्युरोनिक एसिड की पावर के साथ 100% शुद्ध एलो वेरा जैल के फायदे को कई गुना बढ़ा दिया है। भारत में बढ़ती जागरुकता के चलते ओर्गेनिक प्रोडक्ट्स का मार्केट तेजी से विकसित हो रहा है, एलो वेरा अपने प्राकृतिक फायदों एवं उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग के चलते ब्यूटी इंडस्ट्री में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए हम 100% शुद्ध एलो वेरा से बना डाबर एलो वेरा जैल लेकर आए हैं। एलो वेरा के प्राकृतिक गुणों को बरकरार रखते हुए इसे सावधानीपूर्वक बनाया गया है, ऐसे में यह त्वचा और बालों की देखभाल के लिए मल्टीपरपज सोल्युशन है। तेजी से अवशोषित होने वाला नॉन-स्टिकी फॉर्मूला बिना चिपचिपाहट के त्वचा को नमी और पोषण देता है और रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए परफेक्ट है।